
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# दैनिक अमन लेखनी



इमरान यामी की फिल्म .......



नए साल में बदलाव के साथ ......

वर्ष : 12 | अंक : 11 | लखनऊ, 02 जनवरी, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रपति ने एआई चैलेंज का किया शुभारंभ

# देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता परिवर्तन लाने का शक्तिशाली अवसर विश्व की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 'स्किल द नेशन' एआई चैलेंज का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति मुर्मू ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के भविष्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया।राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को नया आकार दे रही है, जिससे लोगों के सीखने, काम करने और आधुनिक सेवाओं तक पहुंचने के तरीके प्रभावित हो रहे हैं।

राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया समारोह

राष्ट्रपति ने अर्थव्यवस्था के लिए एआई को विकास चालक बताया



राष्ट्रपति ने ओडिशा के रायरांगपुर में इग्नू क्षेत्रीय केंद्र और कौशल केंद्र का किया वर्चुअल उद्घाटन

## छात्र ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के विकास के लिए करें

उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा देश के लिए, एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि सकारात्मक और समावेशी परिवर्तन लाने का एक शक्तिशाली अवसर है। उभरती प्रौद्योगिकियों की ओर से आकार दिए जा रहे भविष्य के लिए छात्रों को तैयार देखकर खुशी जताते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज की सेवा करने, चुनौतियों का समाधान करने और दूसरों को सशक्त बनाने के लिए करने का आग्रह किया।

## सांसदों को भी सराहा

राष्ट्रपति मुर्मू ने एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा करने वाले सांसदों की भी सराहना की और कहा कि उनके प्रयास निरंतर सीखने के माध्यम से नेतृत्व को दर्शाते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एआई को एक प्रमुख विकास चालक बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह आने वाले दशक में जीडीपी, रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भारत समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण करे

उन्होंने मजबूत राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा के निर्माण में डेटा साइंस, एआई इंजीनियरिंग और डेटा एनालिटिक्स जैसे कौशलों के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा सरकार संस्थानों, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों के सहयोग से यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि भारत न केवल उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाए बल्कि जिम्मेदार और समावेशी तकनीकी भविष्य का निर्माण भी करे।


## सामूहिक प्रतिबद्धता से ही विकसित भारत बनेगा

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप देश को ज्ञान महाशक्ति बनाने के लक्ष्य में योगदान देते हुए एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का आह्वान किया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आयोजित किया गया था, जो भारत के कार्यबल को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करने के सरकार के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### राहुल की तुलना श्री राम से, भड़के निरुपम

मुंबई। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने राहुल गांधी के कार्यों की तुलना भगवान राम से की, जिस पर



राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस तुलना को हास्यास्पद बताते हुए कांग्रेस के आचरण को 'रावण' जैसा करार दिया। संजय ने कहा कि कांग्रेस सदैव राम विरोधी रही है।

### कार ने 6 को कुचला 1 की मौत, कई घायल

मिर्जापुर। यूपी के मिर्जापुर में कंबल वितरण के दौरान एक कार ने 6लोगों को कुचल दिया। एक



व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इस पर लोगों ने चौकी में भी तोड़फोड़ की। घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली गांव के पास की है। अदलहाट शेरवा मार्ग पर कंबल वितरण का आयोजन था।

### पिता ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर आत्महत्या की

उय्यालावाड़ा। आंध्र प्रदेश के उय्यालावाड़ा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।



यहां एक व्यक्ति ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर दी और फिर खुद ही अपने घर में फांसी का फंदा बनाकर खुद भी आत्महत्या कर ली। यह घटना नंदयाल जिले की है। पुलिस ने गुरुवार को इस मामले के बारे में जानकारी दी।

### 2,000 के 98.4% से अधिक करेंसी जमा

नई दिल्ली। आरबीआई ने 2000 रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया पर अहम जानकारी दी है।



आरबीआई के अनुसार प्रचलन से हटाए गए रुपए 2000 के कुल नोटों में से 98.41 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं। 19 मई, 2023 को शुरू प्रक्रिया के बाद बाजार में कम नोट शेष रह गए हैं।

पीएम मोदी ने लिखा तिरुवनंतपुरम के नए मेयर राजेश को पत्र

# केरल के लिए यह खास उपहार, कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम

## इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया


अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम के नवनिर्वाचित मेयर वीवी राजेश को पत्र लिखकर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे केरल के लिए नए साल का विशेष उपहार बताया और इस सफलता को वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम बताया है। पत्र में पीएम मोदी ने मेयर वीवी राजेश और उपमेयर जीएस आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम से अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि यह शहर हर मलयाली के दिल में विशेष स्थान रखता है। यह श्री पद्मनाभस्वामी के आशीर्वाद से पवित्र है और राजधानी होने के साथ-साथ विचारकों, समाज सुधारकों, कलाकारों, कवियों, संगीतज्ञों और संतों की भूमि रही है। ऐसे महान शहर का भाजपा को आशीर्वाद देना विनम्र करने वाला अनुभव है।

नए साल की शुरुआत पर दी बधाई

उपमेयर आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और नवनिर्वाचित पार्षदों और कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दी

### 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का विजन हर वर्ग तक पहुंचा



प्रधानमंत्री मोदी



मेयर वीवी राजेश

पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का भाजपा का विजन शहर के हर वर्ग तक पहुंचा है। लोगों ने केंद्र के कामकाज और राज्यों में शहरी विकास के प्रयासों को देखा है, इसी कारण उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया।

### केरल में एक 'नए सवेरे' का संकेत

प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों तक कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया है। राज्य की राजनीति लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के हाथों में रही है, जिनके शासन में भ्रष्टाचार और हिंसा की संस्कृति पनपी। इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे, लोगों की समस्याएं उठाई।

### केरल झूठे वादों की राजनीति से अलग हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए अब केरल में जनता का विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में दोस्त और केरल में प्रतिद्वंद्वी होने का उनका 'फिक्स्ड मैच' अब खत्म होने वाला है। केरल अब झूठे वादों से मुक्त होना चाहता है।

### नारायण गुरु, अय्यंकाली और पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया

प्रधानमंत्री ने श्री नारायण गुरु, महात्मा अय्यंकाली और मन्नाथु पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ सेवा, गरीबों और वंचितों की चिंता तथा महिलाओं का सशक्तीकरण जैसे मूल्य तिरुवनंतपुरम के प्रशासन की प्रेरणा बनने चाहिए। राजेश और उनकी टीम 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ाएगी।

### पत्र को अमित मालवीय ने भी एक्स पर शेयर किया

इस पत्र को भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी 'एक्स' पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केरल और भाजपा दोनों के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा के विजन पर जनता के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है और राज्य में शहरी शासन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है।

पीएम ने दी सिंधिया को जन्मदिन की बधाई

### पूर्वोत्तर भारत में किए गए कामों को सराहा दीर्घायु की कामना की

पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत में लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने की दिशा में उनके प्रयासों को सराहा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जन्मदिन की बधाई। वे टेलीकॉम सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए जुटे हैं।

### सिंधिया ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

सिंधिया ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री जी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। आपकी लीडरशिप और जनसेवा की से प्रेरित होकर मैं विकसित भारत बनाने में कमी नहीं करूंगा।

सीएम ममता बेनर्जी ने कहा

# हम 'बुरी ताकतों' के आगे नहीं झुकेंगे, हमारा संघर्ष जारी रहेगा

नव वर्ष पर टीएमसी का स्थापना दिवस



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल जनता के लिए संघर्ष करता रहेगा और किसी भी 'बुरी ताकतों' के सामने समर्पण नहीं करेगा।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। तृणमूल कांग्रेस का सफर आज ही के दिन 1998 में मातृभूमि और लोगों की सेवा के मकसद से शुरू हुआ था। इस ऐतिहासिक सफर की मुख्य बातें मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हैं। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के लिए अडिग और प्रतिबद्ध है।

### 28 साल पहले कांग्रेस से अलग होकर बनाई थी अपनी पार्टी

उन्होंने लिखा कि तृणमूल कांग्रेस परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, स्नेह और प्रार्थनाओं से भरा हुआ है। आपके अटूट समर्थन से, हम महान लोकतांत्रिक देश के हर व्यक्ति की लड़ाई में अडिग हैं। हम किसी भी बुरी ताकत के सामने नहीं झुकेंगे और आम लोगों के लिए हमारा संघर्ष आजीवन जारी रहेगा। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी 28वें साल में प्रवेश कर चुकी है। इस 28 साल में टीएमसी सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने बंगाल में अस्मिता की राजनीति को नया रूप दिया है। कांग्रेस पार्टी से अलग होकर 1 जनवरी 1998 को ममता ने तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था।

### हर कार्यकर्ता को नमन करता हूं: अभिषेक




तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कहा कि दल की असली शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ताओं के अनुशासन और विश्वास में निहित है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तृणमूल कांग्रेस स्थापना दिवस पर मैं अपने लगातार बढ़ते परिवार के हर सदस्य के प्रति कृतज्ञता से सिर झुकाता हूं।

असम में भी भाजपा का 'बिहारी दांव'

# 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए की नकद सहायता मिलेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने बिहार में सफल दांव को असम में भी खेलने का फैसला किया है।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में ऐलान किया कि असम की 37 लाख महिलाओं को 8,000 रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने लिखा कि ओरुनोदोई योजना के तहत राज्य में लाभ पाने वाली 37 लाख महिलाओं को बोहाग बिहू से पहले 8,000 रुपए की नकद सहायता दी जाएगी।

### योजनाओं के तहत सीएम देंगे तोहफा


इनमें जनवरी से अप्रैल के की अवधि के लिए ओरुनोदोई योजना के 5,000 रुपए भी शामिल हैं। 3,000 हजार रुपए की अतिरिक्त रकम बिहू के उपहार के तौर पर दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की आजीविका को मजबूती देना और आर्थिक सहारा प्रदान करना है।

दुबई जा रहे यात्रियों ने भी किया पाठ

# दुबई जा रहे भाजपा विधायक ने विमान में पढ़ी हनुमान चालीसा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

फ्लाइट के अंदर यात्रियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करने का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा नेता बालमुकुंद आचार्य



खड़े होकर चालीसा का पाठ कर रहे हैं। उनके साथ लोग भी पाठ करते हैं। लोग विधायक और उनके परिवार से जुड़े सदस्य हैं। वीडियो में खड़े होकर चालीसा का पाठ करने वाले नेता राजस्थान के हवामहल सीट से भाजपा के विधायक हैं। उनका नाम बालमुकुंद आचार्य है। अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं।

### नेताओं ने दुबई के लिए भरी उड़ान

राजस्थान में भजनलाल सरकार के कई विधायक और भाजपा नेता नए साल पर एक निजी विदेश दौरे पर रवाना हुए हैं। बताया जा रहा है कि 1 जनवरी की सुबह इस डेलीगेशन ने हवाई जहाज से दुबई के लिए उड़ान भरी है। इसी फ्लाट के विजुअल्स सीन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## नव वर्ष में अयोध्या-काशी में उमड़ा सैलाब



अयोध्या। राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में नए साल की सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रशासन के अनुसार लाखों लोगों ने दर्शन किया। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में आधी रात से ही भक्तों की करीब 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। यहां कड़ाके की ठंड में भी गजब का उत्साह दिखा।

# यूपी की डेटा सेंटर नीति से उत्तर प्रदेश बना डिजिटल निवेश का नया केंद्र

## 900 मेगावाट क्षमता और आठ डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का नया विजन

**अमल लखनी समाचार**

- **अब तक 21 हजार करोड़ से अधिक निवेश और 6 डेटा सेंटर पार्क को मंजूरी**

**लखनऊ।** प्रदेश में डेटा सेंटर नीति ने प्रदेश को देश के तेजी से उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपनाई गई दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज न केवल निवेशकों का भरोसा जीत रहा है बल्कि डिजिटल आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहा है।

जनवरी 2021 में डेटा सेंटर नीति को अधिसूचित किया गया था। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में आधुनिक निजी डेटा सेंटर पार्कों का विकास करना और डेटा सेंटर उद्योग को सशक्त आधार प्रदान करना था।

नीति के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में तीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने और 250 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन लक्ष्यों को पहले ही वर्ष में प्राप्त कर लिया। लक्ष्यों की समय से पहले प्राप्ति के बाद प्रदेश सरकार ने नीति को और अधिक व्यावहारिक और निवेश अनुकूल बनाते हुए इसमें संशोधन किया। संशोधित नीति के अंतर्गत प्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र के लिए निवेश और क्षमता के लक्ष्यों को कई गुना बढ़ा दिया गया। अब तीन के स्थान पर 8 डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 30,000 करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है।

प्रदेश में अब तक लगभग 21,343 करोड़ के निवेश को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 6 डेटा सेंटर पार्क और 40 मेगावाट से कम क्षमता वाली 2 डेटा सेंटर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 7 परियोजनाएं पूरी तरह संचालित हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश की डिजिटल क्षमताओं को मजबूती मिली है। योगी सरकार की स्पष्ट नीति, पारदर्शी शासन व्यवस्था और मजबूत कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य बनाया है। डेटा सेंटर जैसे पूंजी और तकनीक आधारित क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं।

फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस समिट के दौरान कुल 1,36,124 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए 29 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को नई अर्थव्यवस्था और डिजिटल भविष्य की ओर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कुल मिलाकर डेटा सेंटर नीति ने उत्तर प्रदेश को डिजिटल इंडिया के विजन में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रख दी है।

## 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित होगी डिजिटल एक्सरे मशीन

**लखनऊ।** नववर्ष के प्रथम दिवस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रोगियों को सौगात दी। प्रदेश के 64 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापित होगी। डिजिटल एक्सरे मशीनों की स्थापना के के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गयी। डिजिटल एक्सरे मशीनों की स्थापना से चिकित्सीय सुविधाएं सुलभ और आधुनिक होंगी। यह मशीनें अलीगढ़ के तीन, आजमगढ़ के चार, इटावा के चार, कन्नौज के दो सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीन लगेंगी। वहीं, कानपुर नगर में तीन, लखनऊ में 16, मऊ में चार डिजिटल एक्सरे मशीन लगायी जायेगी जबकि मुरादाबाद के दो, रायबरेली के पांच, सम्भल के तीन सीएचसी पर भी स्थापना होगी। सोनभद्र के दो, सुल्तानपुर के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी डिजिटल एक्सरे मशीनें लगेंगी। इसी प्रकार देवरिया, रामपुर, प्रयागराज, पीलीभीत, मेरठ, महराजगंज, महोबा, कौशाम्बी, हरदोई, बस्ती, बरेली एवं बलिया के एक-एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी डिजिटल एक्सरे मशीन लगायी जायेंगी।

# हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर उत्सवपूर्ण आयोजनों के साथ नये वर्ष का स्वागत



**अमल लखनी समाचार**

- **लाइव संगीत, आकर्षक सजावट और आनंदमय गतिविधियों से भाव विभोर हुए यात्री**

**लखनऊ।** नववर्ष पर मेट्रो ने यात्रियों के साथ नए वर्ष का स्वागत करने एवं खुशियां साझा करने के लिए विशेष उत्सवपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया। इस मौके पर हजरतगंज मेट्रो स्टेशन को आकर्षक तरीके से सजाया गया, जिससे यात्रियों को एक खुशनुमा और उल्लासपूर्ण माहौल मिला। यह स्टेशन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा, जहां रंग-बिरंगी सजावट को यात्रियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

उत्सव में और रंग भरते हुए हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर लाइव संगीत प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया। जोशीले संगीत ने यात्रियों को आनंदित किया और नववर्ष के दौरान उनकी यात्रा को और अधिक सुखद बना दिया। इस अवसर पर यात्रियों ने अपने पसंदीदा गीतों के साथ गुनगुनाकर सक्रिय भागीदारी भी की, जिससे स्टेशन का माहौल पूरी तरह संगीतमय और उत्सवपूर्ण बन गया। इससे पहले 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिसे यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। क्रिसमस आयोजन के दौरान एक लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो सेवा का उपयोग किया। इन आयोजनों के जरिए लखनऊ मेट्रो ने एक बार फिर यात्रियों को सुखद, यात्री-अनुकूल एवं यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, साथ ही शहरवासियों के साथ त्योहारों की खुशियां साझा कीं।

## केशव प्रसाद मौर्य ने बुजुर्गों को वितरित किए कंबल

**लखनऊ।** कानपुर देहात की मैथा तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुजुर्गों को कंबल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उपस्थित जनसमूह को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता है और इसी भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं एवं सहायता को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला एवं पूर्व सांसद द्वारा किए जा रहे जनसेवा के कार्यों की सराहना की। नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर जनपद कानपुर देहात में मानवता, सेवा और संवेदनशीलता का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। शीतलहर से प्रभावित बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला तथा पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के संयोजन में नया साल बुजुर्गों के साथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन मैथा तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामजानकी महाविद्यालय, बैरी असई परिसर में किया गया। कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में कई हजार बुजुर्गों को कंबलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही बुजुर्गों के सम्मान, आत्मीयता एवं अपनत्व को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशाल महाभोज का भी आयोजन किया गया।

# खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में कराया जा रहा है पूंजी निवेश

**अमल लखनी समाचार**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत स्थापित इकाइयों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश सभी सम्बन्धित को दिये हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावो पर समयबद्ध कार्यवाही करने, समय से अनापत्ति प्रमाण पत्र दिलाने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 व पीएमएफएमई योजना के क्रियान्वयन में बेहतर व उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये है, ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य अधिकारी भी अच्छा कार्य कर सकें।

इसी कड़ी मे अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीना ने पद्मजा चौहान, अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा मुख्यालय की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के अंतर्गत अनुदान के लिए आवेदन करने वाले उद्यमियों के अग्निशमन संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए संदर्भित प्रकरणों के बारे में तत्काल रूचि लेते हुए एवं प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उद्यमियों की समस्याओं का निवारण तत्काल करते हुये उनको अग्निशमन प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने एवं उनकी अग्निशमन संबंधित समस्या का समाधान तत्काल कराने के लिए भूरि भूरि प्रशंसा की है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है व इस उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिये गृह विभाग को पत्र प्रेषित किया है।

इसी तरह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के अंतर्गत अनुदान के लिए आवेदन करने वाले उद्यामियों के पर्यावरण संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु संदर्भित किये प्रकरणों पर तत्काल रूचि लेते हुये एवं प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उद्यामियों की समस्याओं का निवारण तत्काल करते हुये उनको पर्यावरण संबंधित अनापत्ति प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने एवं उनकी पर्यावरण संबंधित समस्या का समाधान तत्काल कराने के कार्य के लिए संजीव सिंह, सदस्य सचिव, पर्यावरण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ की भूरि भूरि प्रशंसा की है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये इस उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिये वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं अध्यक्ष, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश को पत्र प्रेषित किया है। इसी तरह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के अंतर्गत अनुदान के लिए आवेदन करने वाले उद्यमियों की विद्युत संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए संदर्भित प्रकरणों पर तत्काल रूचि लेते हुये एवं प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उद्यमियों की समस्याओं का निवारण तत्काल करते हुये उनको विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने एवं उनकी विद्युत समस्या का समाधान कराये जाने के कार्य के लिए पंकज कुमार, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन लि. ( मुख्यालय )लखनऊ की भूरि भूरि प्रशंसा की है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये इस उत्कृष्ट सराहनीय कार्य के लिये नियुक्ति विभाग को पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है। इस योजना में फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, दुग्ध प्रसंस्करण, रेडी टू इट/रेडी टू कुक खाद्य पदार्थ/ ब्रेक फास्ट सिरियल्स/स्नैक्स/बेकरी एवं अन्य खाद्य पदार्थ, अनाज / दाल एवं तिलहन प्रसंस्करण, अन्य कृषि/बागवानी उत्पाद-स्पाइस, सोयाबीन, मशरूम प्रसंस्करण, शहद प्रसंस्करण, कोको उत्पाद, गुड आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फूट जूस/पल्पस तैयार कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, अन्य क्षेत्र के खाद्य उत्पादों जो मानव उपयोग के लिए उपयुक्त हैं, एवं मुर्गी/ मछली चारा निर्माण इकाई जैसे सेक्टर्स आच्छादित है।

## छावनी में बनेगा यूटिलिटी स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रेणना से लखनऊ छावनी परिषद्, दिलकुशा गार्डन के समीप एक भव्य मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कोम्प्लेस्क्स बनाने जा रहे है इस प्रोजेक्ट कि फंडिंग हिंदुस्तान एरोनोटिकस लिमिटेड (एच ए एल) के द्वारा सी एस आर इनिशिएटिव के अंतर्गत कि जा रही है जिसकी कुल लागत लगबघ 10 करोड़ है इसमें लखनऊ छावनी परिषद् तथा एच ए एल के मध्य एक मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट साईन किया गया। छावनी परिषद् कि तरफ से मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर तथा एच ए एल कि तरफ से जेनेरल मेनेजर के के भट्ट ने यह मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट साईन किया। इस मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कोम्प्लेस्क्स में बैडमिंटन कोर्ट, बॉक्सिंग एरीना, पिकलबाल कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट हॉल आदि सुविधा उपलब्ध होंगी, जो कि छावनी छेत्र एवं लखनऊ को समर्पित किया जायगा। इस अवसर पर एच ए एल कि तरफ से जेनेरल मेनेजर एच आर तथा सी एस आर कमेटी के मेम्बर और छावनी परिषद् लखनऊ की तरफ से मनीष कुमार उपस्थित रहे।

## नगर निगम में समाधान दिवस आज

**लखनऊ।** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए नगर निगम ने 2 जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें मेयर सुषमा खर्कवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगी। समाधान दिवस में गृह कर, जल कर, सफाई, सड़क मरम्मत, सीवर, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट और कूड़ा उठान से जुड़ी शिकायतों की मौके पर सुनवाई होगी।

# धोखाधड़ी से मकान बेचने के आरोप में वांछित चल रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमल लखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने महिला का मकान धोखाधड़ी से बेचने के आरोप में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक राजाजीपुरम निवासी महिला विकेशिका अवस्थी ने बीती 10 अगस्त को बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रायबरेली रोड स्थित आराधना उद्यान निवासी सचिन सचदेवा व अमित सचदेवा और आशियाना थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी निवासी अतुल कुमार अवस्थी तथा एक अज्ञात महिला द्वारा मिलीभगत कर उसका आशियाना के रक्षा खंड, शारदा नगर स्थित मकान फर्जी तरीके से बेच दिया। जिसकी रजिस्ट्री 30 अप्रैल 2025 को बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित सरोजनी नगर उपनिबंधक कार्यालय में कराई गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की तो उसमें मोहनलालगंज के केसरी खेड़ा, कुढ़ा निवासी महिला नीतू सिंह भी मामले में शामिल पाई गई।




घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हो गये। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। तभी मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल ताल कटोरा के अतुल कुमार अवस्थी को बुधवार को रायबरेली जिले के प्रयागराज हाईवे रोड ऊंचाहार स्थित बटोही ढाबा से धर दबोचा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। पुलिस इससे पहले महिला नीतू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# नववर्ष के शुभ आगमन पर चंद्रभालेश्वर मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। नववर्ष के शुभ आगमन पर महानगर के निशातगंज में चौथी गली स्थित चंद्रभालेश्वर मंदिर में गुरुवार को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। यहाँ 31 दिसंबर बुधवार सुबह रामचरितमानस पाठ का विधिवत शुभारंभ हुआ, जो 1 जनवरी गुरुवार दोपहर को संपन्न हुआ। रामचरित मानस पाठ समापन के बाद भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। यहाँ पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजता रहा। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप हलवे का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी आलोक मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू, महामंत्री अवध किशोर, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण, अवनीत शर्मा, कृष्णा, शंकर, शिवम शर्मा, दिव्यांश सेन, हिमांशु, विजय द्विवेदी, अमिताभ सिंह, प्रेम नारायण, अरविंद, रविंद्र, सोमनाथ, रवि, जगदीश बाजपेई, राकेश, प्रकाश, आशु, गौरी मिश्रा, अनीता, किरण और सारिका सहित क्षेत्रवासियों ने सहयोग किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को बल मिलता है।

# न्यू ईयर पार्टी के दौरान चाकूबाजी, युवक गंभीर रूप से घायल

**मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर चल रहा है उपचार,**

**कृष्णा नगर क्षेत्र का मामला,**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । कृष्णा नगर क्षेत्र के बारावीरवा में स्थित एक निजी होटल के रूफटॉप पर बुधवार को आयोजित हुई न्यू ईयर पार्टी दौरान दो युवकों में धक्का मुक्की को लेकर विवाद हो गया और चाकू लेकर एक युवक पर ताबड़तोड़ कई वार कर लहूलुहान कर दिया गया। आनन फानन में दोस्तो ने घायल युवक को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कृष्णा नगर के बाराबिरवा में स्थित एक होटल के टॉप फ्लोर पर बुधवार को नए साल को लेकर पार्टी आयोजित था मिली जानकारी अनुसार रात्रि करीब 9:30 बजे माती बिजनौर का रहने वाला अभिषेक सिंह पुत्र अविनाश सिंह अपने दो दोस्तों रजनीश, अनुभव और युगांश संग इस पार्टी में सम्मिलित हुआ था।पार्टी में देर रात्रि न्यू ईयर जस्न मनाया जा रहा था और डीजे पर युवक युवती झूम रहे थे इस दौरान अभिषेक से एक दूसरे युवक को धक्का लग गया नशे में धुत्त इस बात को लेकर मारपीट शुरू हो गई और दूसरे पक्ष ने चाकू से युवक के सीने पर कई वार कर दिए जिससे युवक खून से लथपथ लहूलुहान हो गिर पड़ा आनन फानन में उसके दोस्त परिजनों को जानकारी दे नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिकी उपचार कर लोकबंधु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां युवक की हालत स्थिर बनी हुई है और भर्ती कर इलाज चल रहा है। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि रात में हुई इस घटना की जानकारी पुलिस को सुबह परिजनों द्वारा पुलिस को मिली है घायल युवक की शिकायत पर अज्ञात हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर होटल में लगे कैमरों की फुटेज आधार पर हमलावर की तलाश की जा रही है।

## होटल की भूमिका रही संदिग्ध

नए वर्ष पर होटल के टॉप फ्लोर पर न्यू ईयर पार्टी आयोजित था जश्न दौरान मारपीट हुआ और चाकूबाजी की गई ।इस जश्न पार्टी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थी और न ही होटल द्वारा इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई बशर्ते मामले को दबाने में जुटे रहे। घायल युवक के परिजनों का आरोप रहा कि उनका बेटा घायल तड़पता रहा लेकिन होटल की ओर से कोई मदद नहीं मिली।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

बीते 30 दिसंबर से लापता है किशोरी के पिता के अनुसार, उनकी 15 वर्षीय बेटी बीते 30 दिसंबर को घर से बाहर निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। किशोरी के अचानक गायब होने से परिजनों में चिंता और घबराहट का माहौल बन गया। रिश्तेदारों और आसपास की गई तलाश, नहीं मिला कोई सुराग परिजनों ने पहले अपने स्तर से आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन कहीं से भी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिवार को अनहोनी की आशंका सताने लगी।

## पड़ोसी युवक पर जताया शक

खोजबीन के दौरान परिजनों को शक हुआ कि पड़ोस में रहने वाला सत्य यादव किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसी संदेह के आधार पर पीड़ित पिता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पीड़ित पिता ने 31 दिसंबर 2025 को रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी को पुलिस गिरफ्त में लेकर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

# लोगबंधु के 15वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ



**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर ।लोकबंधु के 15 वे स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए वही 2025 के₹ मिस्टर लखनऊ ₹ लोकबंधु नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं नवीन के टीम के बच्चों ने शिव तांडव की धुन पर योग क्रियाओं का अदभुत प्रदर्शन कर दर्शकों मे अपार ऊर्जा का संचार कर दर्शकों का ह्रदय जीत लिया लोकबंधु अस्पताल की डायरेक्टर संगीता गुप्ता ने पं नवीन और पूरी टीम की सराहना करते हुए सम्मानित भी किया। लोकबंधु गायनिक विभाग की डा कंचन मिश्रा तथा सरोजनीनगर विधायक डा राजेश्वर सिंह ने भी धनराशि देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।योगाचार्य नवीन ने स्वास्थ्य संदेश देते हुए बताया प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन की दिनचर्या मे योग जरूर करना चाहिए जिससे शरीर फिट रहने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक स्तर पर भी स्वस्थ्य रहता है।

# भैंस चोरी के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर घटना का किया खुलासा

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र से बीते दिनों किसान की चोरी हुई भैंस के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की गई भैंस और घटना में इस्तेमाल किए गए एक लोडर वाहन को बरामद करने के साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उन्हें जेल भेज दिया। बताते चलें कि बिजनौर के रहीमाबाद निवासी हिमांशु यादव ने बीती 30 दिसंबर को बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 दिसंबर की सुबह करीब 5 बजे वह जब अपने घर से कुछ दूर नहर रोड स्थित बाड़े में भैंस को चार देने पहुंचा तो भैंस वहां से गायब मिली। जबकि भैंस की रस्सी वहीं पर कटी पड़ी मिली। काफी तलाश करने के बाद जब भैंस का पता नहीं चला, तब उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।बिजनौर प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम का कहना है कि पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही थी। तभी 31 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक एक लोडर वाहन में भैंस लेकर जा रहे हैं।सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों को नटकुर अंडरपास के पास धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम उन्नाव जिले के आसीवन निवासी नदीम और दूसरे ने यहीं के कुल्हा अटौरा निवासी सद्दाम बताया।पुलिस ने उनके पास से चोरी की भैंस और घटना में इस्तेमाल किए जाने वाला लोडर वाहन (यूपी 32 एमएन 2861) बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उन्हें जेल भेज दिया है।



## संक्षेप

### घरेलू कलह के चलते किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। घरेलू कलह के चलते एक किशोर ने गांव के बाहर खेतों में खड़े पेड़ की डाल से फांसी पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव गहर पुरवा निवासी कौशल 16 वर्ष पुत्र मुनेसुर का शव गुरुवार की दोपहर गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर खेतो में एक पेड़ की डाल के सहारे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों में चर्चा है कि मृतक पंजाब प्रांत में रहकर मजदूरी करता था। वह इसी हफ्ते गांव वापस लौटा था। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार को उसके परिवार में कुछ विवाद हुआ था। इसी के बाद देर शाम को वह घर से कही चला गया था। अगले दिन गुरुवार को दोपहर उसका शव पेड़ से लटकता हुआ देखा गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। घटना के कारण की जांच की जा रही है।

### शिक्षाविद् समाज सेवी की मनाई गई 102 वी जयंती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव मूरतपुर में 2 जनवरी 1925 को जन्मे शिक्षाविद,समाजसेवी रंजीत बहादुर सिंह की 102 वीं जयंती उनके द्वारा स्थापित विद्यालय श्याम राज कुंवरि सनातन धर्म कन्या विद्यालय में मनाई जाएगी ।

2 जनवरी 1925 को जन्मे बाबू रंजीत बहादुर सिंह प्रारंभ से ही क्षेत्र में शिक्षा की समस्याओं से जूझते रहने के बावजूद अपनी शिक्षा पूरी की और बाद में आरआरबीएन इंटर कॉलेज में एक आदर्श शिक्षक के रूप में सेवाएं दी। सेवानिवृत होने के बाद क्षेत्र में अच्छी शिक्षा की कमी को देखते हुए अपने पिता स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह की स्मृति में 1989 में जगन्नाथ सिंह सनातन धर्म इंटर कॉलेज की स्थापना की उसके बावजूद भी उनका जी नहीं भरा और बच्चियों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही थी उनका मन बच्चियों को शिक्षा दिलाने के लिए संघर्षरत रहा और उन्होंने 2006 में श्याम राज कुंवरि जगन्नाथ सिंह सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज की स्थापना कर शिक्षा की अलख जगाई। विपरीत परिस्थितियों में एक आदर्श शिक्षक, शिक्षाविद एक समाजसेवी के रूप में तहसील क्षेत्र में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है । विद्यालय के वर्तमान प्रबंधक समरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि संस्थापक प्रबंधक बाबू रंजीत बहादुर सिंह की 102 वीं जयंती विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाई जाएगी।

# इंकलाब जिंदाबाद के उद्घोषक मौलाना हसरत मोहानी की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक, प्रखर पत्रकार और प्रसिद्ध शायर मौलाना हसरत मोहानी की 150वीं जयंती 1 जनवरी को हसरत मोहानी पुस्तकालय धवन रोड उन्नाव में अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और देश की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि हसरत मोहानी वही शख्सियत थे जिन्होंने पहली बार 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा दिया था, जो आगे चलकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का सबसे बड़ा मंत्र बना। ?गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री अहमद ने कहा कि साल 1921 के अहमदाबाद कांग्रेस अधिवेशन में हसरत मोहानी ने ही सबसे पहले 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पेश किया था। उन्होंने न केवल कलम से अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा, बल्कि स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए अपनी पत्नी के साथ मिलकर स्वदेशी भंडार भी खोला।

?स्थानीय शायरों ने उनकी प्रसिद्ध गजल ₹चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना याद है...₹ को गुनगुनाकर उन्हें खिराज-ए-अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की। इस दौरान उनकी सादगी और कट्टर देशभक्ति के किस्से भी साझा किए गए। ?कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने युवाओं से अपील भी की कि वे मौलाना हसरत मोहानी के जीवन से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि मौलाना ने कई बार जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन कभी भी ब्रिटिश हुकूमत के सामने घुटने नहीं टेके। उनकी 150वीं जयंती हमें देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाती है। ?कार्यक्रम में भारी संख्या में बुद्धिजीवी, और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिन्होंने एक स्वर में उन्हें भारत रत्न दिए जाने की भी मांग उठाई। इसके साथ ही उन्नाव में किसी बिल्डिंग और पार्क का नाम भी हसरत मोहानी के नाम पर रखने की मांग उठाई गई। इस मौके पर कई शायरों ने भी अपने बेहतरीन कलाम सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। इस मौके पर अरविंद कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार यादव, प्रवीन मिश्रा भानू, समाजसेविका गौसिया खान, डॉक्टर रामनरेश, दिनेश प्रियमन, हारून अहमद, मोहम्मद अहमद, समाजसेवी फजलुर्रहमान, रहमतुल्ला खान एडवोकेट, अजमल एडवोकेट, सैयद सगीरुल हसन मुन्ना भाई, सैयद अली इमाम जैदी, सभासद मेराज खान, आफाक खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना हसरत मोहानी वेलफेयर अकैडमी उन्नाव के कार्यकारी अध्यक्ष अतीक अहमद की। और संचालन मास्टर अनवर अशहर ने किया। वेलफेयर अकैडमी के प्रबंधक/ मंत्री अबरार हुसैन ने सभी आए हुए मेहमानों का स्वागत करने के साथ ही शुक्रिया अदा किया।

# नव वर्ष पर पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से बनी रही शांति सुरक्षा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नव वर्ष के अवसर पर पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के कारण जिले में शांति और सुरक्षा बनी रही। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिसकर्मियों ने रातभर गश्त की और शांति व्यवस्था बनाए रखी। नव वर्ष के जश्न के दौरान शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर रखी गई। जिले के दही थाना, कोतवाली और गंगाघाट सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की चौकसी और सक्रियता के कारण जिले में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना दर्ज नहीं की गई। आमतौर पर नव वर्ष की रात नशे में ड्राइविंग और हुड़दंग के मामले सामने आते हैं, लेकिन इस बार पुलिस की सतर्कता से लोग संयमित दिखे। विशेष रूप से गंगाघाट क्षेत्र में, जहाँ भीड़ अधिक होती है, पुलिसकर्मियों ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को सफलतापूर्वक संभाला। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने लोगों से शांति और अनुशासन के साथ नव वर्ष मनाने की अपील की थी। पुलिस प्रशासन को स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों का भी पूरा सहयोग मिला। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष प्रबंध किए थे। हर थाना क्षेत्र में गश्त के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर नजर रखने के लिए बैरिकेडिंग और अल्कोहल टेस्टिंग मशीनों का उपयोग किया गया। नव वर्ष के मौके पर पुलिस की इस सक्रियता ने न केवल लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया, बल्कि कानून-व्यवस्था के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी दिया। अनुशासन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को धन्यवाद दिया जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। बाजार में चाहे कितने ही महंगी कीमत के उपहार क्यों न उपलब्ध हो जाए। मगर ऐसे खास मौकों पर फूलों की अहमियत काफी बढ़ जाती है। मोतीनगर मोहल्ले में सुबह से फूलों की दुकानें सजी हुई थी। नववर्ष फूल व बुकें लेने के लिए युवाओं की फ्लावर दुकानों पर लाइन लगी रही। मोतीनगर स्थित फ्लावर विक्रेता सौरभ बाथम ने बताया कि नए वर्ष के मौके पर फूलों और स्टिक की काफी बिक्री हुई। फूलों में सबसे अधिक रेड गुलाब, सुपर गुलाब और गेल्डियस स्टिक की बिक्री अधिक हुई। शहरवासियों ने जमकर फूलों और बुकों की जमकर खरीदारी हुई। नव वर्ष के पर्व पर लोगों ने रात से ही शहर के प्रमुख मंदिर दुर्गा मंदिर गोकुल बाबा समेत अन्य मंदिरों में जाकर दर्शन करने शुरू किया भोर पहर सुबह पांच बजे से मंदिर के बाहर लाइन भी लगी रही। नव वर्ष को लेकर पहले दिन अच्छी शुरूआत के लिए लोगों ने दर्शन कर पूजा अर्चना की है।

# सड़क हादसे में पत्नी की इलाज के दौरान मौत पति घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही चौकी के पास एक सड़क हादसे में 63 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान माखी थाना क्षेत्र के पटियारा निवासी मीना देवी (पत्नी सिद्धनाथ यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मीना देवी अपने पति सिद्धनाथ यादव के साथ एक 'छोटा हाथी' वाहन से घर लौट रही थीं। वे अपनी बेटी के ससुर के निधन में शामिल होने के बाद पटियारा वापस जा रहे थे। दही चौकी के पास लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पहुंचने पर, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान मीना देवी ने दम तोड दिया। उनके पति सिद्धनाथ यादव का अस्पताल में उपचार जारी है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना माखी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। मीना देवी की मौत की खबर से परिजनों में गहरा दुख है। मृतका अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गई हैं। इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पटियारा गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतका के घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। डंपर को कब्जे में लेने और चालक के खिलाफ कार्रवाई के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सड़क हादसे में घायल तीन युवकों को एसपी ने पहुंचाया अस्पताल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नववर्ष की रात पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों की जान बचाई। घने कोहरे के कारण हुए इस हादसे के बाद एसपी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। यह घटना थाना गंगाघाट क्षेत्र के मरहला आजाद मार्ग पर हुई। नववर्ष की रात घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी खंती में गिर गई। बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और खंती से बाहर निकलने में असमर्थ थे। संयोगवश, उसी समय पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और बिना देरी किए स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने तुरंत खंती में उतरकर घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। एंबुलेंस का इंतजार किए बिना, पुलिस अधीक्षक ने घायलों को अपनी स्कॉट गाड़ी से तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। उनकी इस त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने तीनों घायलों का इलाज शुरू किया। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार, यदि घायलों को समय पर अस्पताल न लाया जाता तो उनकी जान को गंभीर खतरा हो सकता था। घायलों ने पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि एसपी मौके पर मौजूद न होते, तो शायद उनकी जान बच पाना मुश्किल हो जाता। उन्होंने पुलिस की तत्परता और मानवीय व्यवहार की सराहना की। इस घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और जिम्मेदारी की व्यापक चर्चा हो रही है।

# ग्राम प्रधान ने मुहल्ले का नाम रखते हुए इंटरलॉकिंग का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार




पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन विकासखंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत पाटन में मोहल्ले का नाम योगी नगर रक्खा गया ग्राम प्रधान स्वेता पत्नी कुलदीप चौधरी के द्वारा इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कराकर मोहल्ले वासियों के विशेष अनुरोध एवं सहयोग से नव वर्ष के स्वर्णिम अवसर पर गुरुवार की सुबह पूजा अर्चना कर प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी एवं करुणा शंकर त्रिवेदी के कर कमल द्वारा फीता काट कर इंटरलॉकिंग मार्ग का उद्घाटन एवं नामकरण किया गया वहीं उपस्थित महेश तिवारी, त्रिलोक गुप्ता, आलोक गुप्ता, धूनू कहार अंकित, जयशंकर अवस्थी, ऋषि दीक्षित, नंदू ,रमेश अजयआदि लोगों ने सराहना की एवं उपस्थित रहे

# विद्युत पोल से बाइक सवार की टक्कर दो युवकों की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नए वर्ष की पार्टी मना लौट रहे दो युवकों की विधुत पोल से टकराने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया असोहा थाना क्षेत्र के कांथा गांव निवासी बीरेंद्र सिंह 22 वर्ष पुत्र सचिन गांव के ही अपने दोस्त विशाल सिंह उर्फ छोटू पुत्र लाखन सिंह के साथ कल रात घर मे बिना बताए नवाबगंज नए वर्ष की पार्टी मानने गए थे ,वहां से देर रात घर वापस आ रहा था ,भल्लाफार्म कांथा मार्ग पर जोगासराय मोड़ के पास बनी फ्लिप कार्ड कम्पन्नी के आगे मार्ग के किनारे लगे विधुत पोल से अत्यधिक कोहरे में बाइक टकरा गई जिससे दोनों मार्ग के नीचे खंती में चले गए जहाँ दोनो की मौत हो गई , गस्त कर रही सोहरामऊ पुलिस ने दोनों युवकों को म्रत देख परिजनों को सूचना देते हुए पोस्टमार्टम के लिये शवो को भेज दिया मौत की खबर गांव पहुंचते ही गांव सहित परिजनों में हाहाकार मच गया। म्रतक सचिन के पिता बीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों में बहुत गहरी मित्रता थी , ये दोनों कल रात 9 बजे के लगभग जाने वाले थे तो हमने मना कर दिया था तथा बाइक की चाभी भी ले ली थी , फिर लड़के सचिन ने कहा पापा कांथा हनुमान मंदिर हो आउ वहाँ राममचरित मानस का पाठ हो रहा है परंतु मैंने मना कर दिया । पिता बेरेन्द्र ने बताया कि सचिन ने पड़ोस में रहने वाले अपने मित्रसुधीर सिंह से रात 12/45 पर फोन कर कहा था कि मैं 15 मिनट में घर पहुंच रहा हु तो मित्र सुधीर ने कहा था कि धीरे धीरे आना कोहरा बहुत पड़ रहा है , सुबह ग्रामीणों ने ये खबर बताई । म्रतक सचिन के मंजू सिंह व छोटे भाई प्रिंस का रो रो बुरा हाल है । वही विशाल चार भाई बहनों गोलु , रूबी ,रुचि ,गोल्डी में सबसे छोटा था । म्रतक विशाल के परिजनों का भी रो रो बुरा हाल है । गांव में नए वर्ष के पहले दिन दो युवकों की मौत से मातम पसर गया । वही लोग दोनो की दोस्ती की बाते करते नजर आए । ग्रामीणों ने बताया कि दोनों में बहुत गहरी दोस्ती थी। , दोनो का आना ,जाना उठना बैठना , घूमना सब साथ ही था 24 घण्टो में 15 घण्टे साथ ही रहते थे । दोनो की दोस्ती एक मिशाल थी।

# स्थाई न्यायालय बनाए जाने को लेकर भूमि चयन प्रक्रिया हुई तेज

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन क्षेत्र में स्थाई ग्राम न्यायालय बनाए जाने को लेकर ग्राम न्यायालय न्यायाधीश बीघापुर कनिष्क राठौर ग्राम कल्यानपुर खतौनी गाटा नंबर 281रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि खाताधारक के रूप में दर्ज है उसे भूमि को मौके पर देखने के लिए पहुंचे यह भूमि उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे के किनारे की भूमि है इस मौके पर उप जिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह ने भूमि का निरीक्षण कराया बैसवारा बार एसोसिएशन संघ बीघापुर के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि उपजिलाधिकारी ने कहा कि मैं क्षेत्रीय लेखपाल से उक्त भूमि से जुड़ी ग्राम समाज की भूमि सहित अन्य भूमि के खाता धारकों की जांच आख्या मंगा लूंगा जिससे स्थाई ग्राम न्यायालय बनाए जाने के लिए शासन को आख्या भेजी जा सके बीघापुर बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष मोहनलाल यादव ने बताया कि एक माह पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री के साथ मिलकर जिला जज को स्थाई ग्राम न्यायालय इसी भूमि नंबर पर बनाए जाने को लेकर खतौनी सहित अन्य दस्तावेज दिया था जिला जज में आश्वासन दिया था कि उक्त भूमि की मौके का निरीक्षण व आख्या शीघ्र ही मगा लूंगा तहसील मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर होने के कारण आम जनता को भी कोई समस्या पैदा नहीं होगी।

# नव वर्ष की पावन बेला पर हजारों श्रद्धालु पौराणिक बाबा बुद्धेश्वर मंदिर पहुंचे

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नव वर्ष की पावन बेला पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भक्त नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित पौराणिक बाबा बोधेश्वर मंदिर पहुंचे। तड़के से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर विधिवत जलाभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। नव वर्ष के अवसर पर मंदिर परिसर ह्वबोल बमह्व और ह्वहर-हर महादेवह्व के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालु व्रत रखकर बाबा के दर्शन को पहुंचे । दर्शन-पूजन के बाद भक्तों ने एक-दूसरे को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। मंदिर की मुख्य सेविका ममता तिवारी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने बताया कि नव वर्ष पर बाबा बोधेश्वर के दर्शन से भक्तों को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में स्वच्छता, जल और प्रकाश की उचित व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला ।

# एसोसिएशन की बैठक में कार्यकारणी का किया गया गठन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की बैठक में कार्यकारिणी का किया गया गठन ,समीर तिवारी को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया । असोहा ब्लॉक सभागार में ग्राम्य विकास अधिकारी एसोसिएशन की बैठक की गई जिसमें ग्राम विकास के अरविंद सिंह , विनोद कुमार ,ब्रजेन्द्र सिंह , रीता राजावत ,अमरेश सिंह , रमेश सिंह , राम प्रशाद अरुण ,पूनम वर्मा ने सर्व सम्मति से समीर तिवारी को ब्लॉक अध्यक्ष चुना ।साथ ही अरविंद सिंह चौहान संरक्षक , उपाध्यक्ष विनोद , मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह सहित अन्य पदों के लिये ग्राम्य विकास कर्मचारियों को मनोनीत किया गया । इस दौरान ग्राम्य विकास के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण को लेकर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्रों ने कचेहरी पुल के नीचे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। छात्रों ने सिटी मजिस्ट्रेट राजू राज को एक ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने और 24 दिसंबर को हुई मारपीट के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि कचेहरी पुल के नीचे सड़क किनारे अस्थायी दुकानें और ठेले लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। इससे यातायात बाधित होता है और आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। खासकर सुबह-शाम वकीलों, फरियादियों, छात्रों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। इस अव्यवस्था के कारण कई छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं। छात्रों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि बीते 24 दिसंबर को एबीवीपी के कुछ छात्र इन्हीं दुकानों पर खरीदारी के लिए गए थे, जहां दुकानदारों ने उनके साथ मारपीट की थी। इस घटना को लेकर पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया गया था, लेकिन अभी तक सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। छात्रों का आरोप है कि घटना में शामिल कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं, जिससे उनमें आक्रोश है। एबीवीपी छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ मारपीट के मामले में फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो एबीवीपी आंदोलन करने को मजबूर होगी। सिटी मजिस्ट्रेट राजू राज ने छात्रों को आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और संबंधित विभागों से रिपोर्ट मंगाकर कचेहरी पुल के नीचे किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पुलिस अधिकारियों से बात कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए जाएंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस ने 29 दिसंबर 2025 को आसीवन थाना क्षेत्र में हुई जघन्य हत्या का खुलासा 48 घंटे के भीतर कर दिया है। इस त्वरित कार्रवाई ने पुलिस की कार्यशैली को प्रदर्शित किया है, जिससे अपराधियों में भय और आमजन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ा है। घटना 29 दिसंबर को कुरसठ स्थित शराब की दुकान पर हुई थी, जहां कार्यरत सुधीर प्रजापति की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मृतक के पिता रामलखन प्रजापति की तहरीर पर आसीवन थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गईं, जिसमें आसीवन थाना पुलिस के साथ एसओजी और सर्विलांस टीम को शामिल किया गया। बुधवार शाम, ऑपरेशन ऑल आउट के तहत आसीवन पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम बीजीमऊ-शरीफाबाद रोड स्थित पहाड़पुर तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने टीम पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान मोहम्मद एहसान (23) और मोहम्मद सलमान (22) के रूप में हुई, जो कस्बा कुरसठ थाना आसीवन के निवासी हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि 29 दिसंबर को आपसी विवाद के चलते उन्होंने सुधीर प्रजापति की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल बदमाशों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है। इस सफल अनावरण के लिए एसओजी टीम को 50 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया है।

# गंगा नदी के पानी का होगा शोधन रुकेगा प्रदूषण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद को गंगा नदी के प्रदूषण से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। अहमद नगर क्षेत्र के मुन्नू बगिया में 5 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगभग पूरा हो चुका है और इसका ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है।

इस परियोजना से गंगा में गिरने वाले प्रदूषित नालों के पानी को शोधित कर नदी को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता अमित कुमार ने बताया कि यह परियोजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ₹नमामि गंगे₹ योजना के तहत संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद गंगाघाट क्षेत्र के चार प्रमुख नाले इंदिरा नगर, मनोहर नगर-1, मनोहर नगर-2 और रेलवे ब्रिज नाले - इस एसटीपी से जोड़े गए हैं। अब इन नालों से निकलने वाला घरेलू सीवेज बिना शोधन के सीधे गंगा में नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पूरी कार्ययोजना की कुल लागत 65.18 करोड़ रुपये है। इसमें से 27.83 करोड़ रुपये निर्माण कार्य पर खर्च हुए हैं, जबकि अगले 15 वर्षों के संचालन और अनुरक्षण के लिए 37.35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मंगलवार को सभी नालों के घरेलू सीवेज को पूरी तरह से टैप करने का कार्य पूरा होने के बाद प्लांट का ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है।

यह ट्रायल अवधि लगभग तीन माह तक चलेगी, जिसमें प्लांट की कार्यक्षमता, तकनीकी संचालन और शोधन प्रक्रिया की गहन जांच की जाएगी।

इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि नगर पालिका क्षेत्र के सबसे बड़े नाले इंदिरा नगर ड्रेन का गंदा पानी अब सीधे गंगा नदी में जाना बंद हो गया है, जो लंबे समय से गंगा प्रदूषण का एक प्रमुख कारण था।

एसटीपी के चालू होने से क्षेत्रीय नागरिकों को भी स्वच्छ वातावरण का लाभ मिलेगा। इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), उन्नाव के निर्देशन में मेसर्स कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। मार्च 2021 में शुरू हुई यह परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है। अधिकारियों का कहना है कि ट्रायल सफल रहने के बाद प्लांट को पूर्ण क्षमता के साथ चालू कर दिया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस एसटीपी के संचालन से गंगा नदी के जल की गुणवत्ता में सुधार होगा और नमामि गंगे अभियान को मजबूती मिलेगी। साथ ही यह परियोजना आने वाले समय में अन्य नालों के शोधन के लिए भी एक मॉडल के रूप में काम करेगी।

## सम्पादकीय

# सुदर्शनचक्र के साथ आधुनिक हथियारों पर भी फोकस जरूरी

भारत अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहा है और लगातार आधुनिक हथियार, सेना, वायुसेना और नौसेना में शामिल कर रहा है। हाल ही में कई हथियारों के सफल परीक्षण भी किए गए हैं। इनमें गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया। दरअसल, यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था। यह अरिहंत-क्लास पनडुब्बी से लॉन्च की गई। इससे पहले आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का भी सफल परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया। यह एक अभेद्य सुरक्षा कवच है। अब वायुसेना ने एस-400 की पहली तस्वीर जारी कर इसे दिशा 2026 कैलेंडर में शामिल किया है। जो भारत की एयर डिफेंस क्षमता के बारे में बताती है। इसे एयर डिफेंस आर्किटेक्चर में एक नए युग की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। एस-400 को सुदर्शनचक्र के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसने हवाई खतरों को बेअसर करने की क्षमता और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साबित परफॉर्मेंस से भारत के एयर डिफेंस में एक बड़ा बदलाव किया है। यह एयर डिफेंस सिस्टम एक अहम पड़ाव बनकर उभरा है। एस-400 सुदर्शन के शामिल होने से वायु सेना ने अपनी निवारक क्षमता, प्रतिक्रिया समय और हवाई क्षेत्र पर दबदबे को काफी बढ़ाया है, जिससे भारत की समग्र एकीकृत वायु रक्षा संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे को मजबूती मिली है। बता दें कि एस-400 सुदर्शन को फाइटर जेट यूएवी क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे कई तरह के हवाई खतरों को लंबी दूरी से पता लगाने और ट्रैक करने के साथ-साथ खत्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। अपनी मल्टी-लेयर्ड एंगेजमेंट क्षमता और हाई-प्रिसिशन टारगेटिंग के कारण इस सिस्टम को दुनिया के सबसे ताकतवर एयर डिफेंस प्लेटफॉर्म में से एक माना जाता है। इतना सब होने के बावजूद भी भारत और अब और आधुनिक हथियारों को अपने सैन्य बेड़े में शामिल करना होगा। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल छोटे ड्रोन, लोइटरिंग म्यूनिशन, ऑटोनॉमस ग्राउंड व्हीकल और रोबोटिक सिस्टम युद्ध को नाटकीय रूप से बदल रहे हैं। इसलिए ऐसे हथियारों पर भी जोर देना होगा। भारत ने भले ही ब्रह्मोस, राफेल और एस-400 जैसे हथियारों से मई के युद्ध में पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया हो, लेकिन अगले युद्ध में उसे धूल में मिलाने के लिए इजराइल, ईरान और यूक्रेन वाली स्ट्रैटजी पर काम करना होगा। अब स्मार्ट प्लेटफॉर्म युद्ध को तेजी से बदल सकते हैं। जैसे यूक्रेन ने ड्रोन स्वार्म से रूस के करीब एक दर्जन बॉम्बर और फाइटर जेट को उड़ाकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था। वहीं, इजराइल ने भी ईरान के अंदर ऐसे ही हमले कर दुश्मनों को ध्वस्त किया। अब कुछ हजार डॉलर के हथियार लाखों डॉलर के महंगे प्लेटफॉर्म को तबाह करने की क्षमता रखते हैं। इसीलिए भारत के लिए युद्ध के इस बदलते मॉडल के मुताबिक ढलना जरूरी है। यूक्रेन, गाजा युद्ध, रेड सी और नागोर्नो-कराबाख जैसे संघर्ष क्षेत्रों से साफ है कि युद्ध में महंगे हथियारों की तुलना में सस्ते हथियारों का प्रभाव काफी बढ़ चुका है। पिछले दशक में लड़ाकू विमान, टैंक, युद्धपोत और मिसाइल डिफेंस सिस्टम युद्ध के मैदान में बाजी पलट देते थे। हालांकि ये आज भी जरूरी हैं, लेकिन निर्णायक नहीं हैं। इसलिए सस्ते ड्रोन पर भी फोकस करना जरूरी है।



पुलिस कमिश्नरी
राजीव श्रीवास्तव

# छत्तीसगढ़ के शहरी प्रशासन का ऐतिहासिक क्षण

> तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भारत के लगभग हर बड़े शहर को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। यातायात का बढ़ता दबाव, भीड़-प्रबंधन की जटिलताएं, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था-इन सबके लिए अब पारंपरिक जिला पुलिस व्यवस्था अक्सर अपर्याप्त साबित हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में देश के लगभग 70 शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को समान मजिस्ट्रेटीय अधिकारों के साथ लागू करने की तैयारी चल रही है।

छत्तीसगढ़ आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल राजनीतिक या आर्थिक परिवर्तन का नहीं, बल्कि शहरी प्रशासन और पुलिसिंग के चरित्र में निर्णायक बदलाव का दौर है। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया इसी बदलाव का संकेत है। यह छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार होने जा रहा ऐसा प्रशासनिक प्रयोग है, जो यदि सही ढंग से लागू हुआ, तो राज्य के शहरी शासन की दिशा ही बदल सकता है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने भारत के लगभग हर बड़े शहर को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। यातायात का बढ़ता दबाव, भीड़-प्रबंधन की जटिलताएं, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी और सार्वजनिक स्थलों पर कानून-व्यवस्था-इन सबके लिए अब पारंपरिक जिला पुलिस व्यवस्था अक्सर अपर्याप्त साबित हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में देश के लगभग 70 शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को समान मजिस्ट्रेटीय अधिकारों के साथ लागू करने की तैयारी चल रही है।

### क्यों बदली जा रही है पुलिसिंग की संरचना?

भारत की जिला-आधारित पुलिस व्यवस्था औपनिवेशिक काल की देन है। यह व्यवस्था तब प्रभावी थी, जब शहरों का आकार, जनसंख्या और सामाजिक गतिशीलता सीमित थी। आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। महानगरों और बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था की घटनाएँ मिनटों में आकार लेती हैं और निर्णय में देरी स्थिति को विस्फोटक बना सकती है। इसी कारण इंदौर, भोपाल, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को अपनाया गया। इन शहरों का अनुभव बताता है कि जब धारा 144, जुलूस-प्रदर्शन की अनुमति, भीड़-नियंत्रण, लाइसेंसिंग और त्वरित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई जैसे अधिकार पुलिस नेतृत्व के पास होते हैं, तो प्रतिक्रिया समय कम होता है और जवाबदेही अधिक स्पष्ट हो जाती है।

### कमिश्नरी प्रणाली का मूल दर्शन

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली का केंद्रीय विचार यह है कि शहर की कानून-व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी- पुलिस आयुक्त- के हाथ में हो। सामान्य जिला व्यवस्था में पुलिस और प्रशासन के बीच अधिकारों का विभाजन कई बार समन्वय की समस्या पैदा करता है। कमिश्नरेट मॉडल में यह समन्वय एक ही ढांचे के भीतर स्थापित किया जाता है। परिणामस्वरूप आपात स्थितियों में निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होती है और आदेशों के क्रियान्वयन में स्पष्टता रहती है।

### रायपुरः छत्तीसगढ़ का पहला बड़ा प्रयोग

रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक खबर नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में शहरी पुलिस सुधार की दिशा में पहला ठोस कदम है। पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित समिति ने अन्य राज्यों के अनुभवों का अध्ययन कर रायपुर के लिए एक "हाइब्रिड मॉडल" का सुझाव दिया है, जिसमें कानून-




व्यवस्था, ट्रैफिक, साइबर अपराध और आर्थिक अपराध जैसी शाखाओं का एकीकृत संचालन प्रस्तावित है।

प्रारंभ में 1 नवंबर को इसे लागू करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन यह समय-सीमा पूरी नहीं हो सकी। इसे विफलता मानने के बजाय एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। राज्य सरकार यह स्पष्ट कर चुकी है कि वह कमिश्नरी प्रणाली को केवल कार्यकारी आदेश से नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी आधार के साथ लागू करना चाहती है। इसके लिए पुलिस अधिनियम, आपराधिक प्रक्रिया संहिता में संशोधन और कलेक्टर-पुलिस आयुक्त के बीच अधिकार-सीमा का साफ निर्धारण आवश्यक है।

### 31 दिसंबर की कैबिनेट बैठक एक संकेत, एक संदेश

प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा है कि 31 दिसंबर को संभावित कैबिनेट बैठक में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। यदि इस बैठक में इस व्यवस्था को स्वीकृति मिलती है, तो यह केवल रायपुर के लिए नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक संदेश होगा- कि राज्य शहरी प्रशासन में आधे-अधूरे सुधार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और संरचनात्मक परिवर्तन चाहता है। इस निर्णय का असर भविष्य में दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर जैसे औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों पर भी पड़ेगा, जहां कानून-व्यवस्था की चुनौतियाँ तेजी से बदल रही हैं।


### अधिकार के साथ जवाबदेहीः सबसे बड़ा सवाल

पुलिस कमिश्नरी प्रणाली को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं यह केवल अधिकारों के केंद्रीकरण का साधन न बन जाए। यह चिंता निराधार नहीं है। इसलिए छत्तीसगढ़ के लिए यह अनिवार्य है कि कमिश्नरी प्रणाली को जवाबदेही-केंद्रित मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र, मानवाधिकार-संवेदनशील प्रशिक्षण, सामुदायिक पुलिसिंग, पुलिस मित्र और बाल-मित्र थानों जैसी पहलें इस व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। पुलिस का नागरिकों से संवाद जितना मजबूत होगा, कमिश्नरी प्रणाली उतनी ही प्रभावी और स्वीकार्य बनेगी।

*निष्कर्ष :* पुलिस कमिश्नरी प्रणाली छत्तीसगढ़ के लिए केवल कानून-व्यवस्था सुधारने का उपकरण नहीं, बल्कि शहरी शासन की दिशा तय करने वाला निर्णय है। यह राज्य के प्रशासनिक आत्मविश्वास की भी परीक्षा है।

यदि रायपुर में यह व्यवस्था संतुलित, पारदर्शी और संवेदनशील ढंग से लागू होती है, तो छत्तीसगढ़ न केवल अपने शहरी भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि देश के उन राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा, जिन्होंने समय रहते भविष्य की पुलिसिंग को समझ लिया।

नववर्ष
अखिलेश आर्येन्दु



# नई उड़ान के साथ सावधानियां भी जरूरी

सन 2025 देश-दुनिया की तमाम यादों, घटनाओं, योजनाओं, परिणामों, समस्याओं, उलझनों और उनके बेहतर सुलझनों को समेटे हमेशा के लिए विदा हो रहा है। देश-दुनिया ने पिछले 12 महीनों में कई तरह के उतार-चढ़ाव देखे। युद्ध की संबंधी कूटनीति व मंजर देखे तो, वैश्विक क्षितिज पर सह-मात का खेल भी। विज्ञान के चमत्कार भी देखे। यूं तो हर क्षेत्र में कुछ न कुछ नया होता ही रहता है। उसमें कुछ नया हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होता भी है, नहीं भी होता है। जो हमारी जिंदगी का हिस्सा होता है उसका असर होता है जो हमारी जिंदगी से ताल्लुक नहीं रखता, उसका असर नहीं होता, यदि होता है तो बहुत ही मामूली। हम कह सकते हैं 2025 में जो कुछ हुआ, वह अब चंद दिनों में इतिहास या बीते कालखंड का हिस्सा बन जाएगा। अतीत हमें बहुत कुछ सिखाता है और सावधान भी करता है। हम जहां हैं, जिस हालात में हैं, उस क्षेत्र में यदि अतीत से कुछ सीखना चाहें तो 2025 हमें बहुत कुछ सीखने के लिए छोड़कर हमेशा के लिए विदा ले रहा है। हमें यह संदेश देता हुआ जा रहा है कि नया साल, वाकई में नया हो-सोच, समझ, विचार, कार्य और निर्णय लेने के मामले में। नया साल संदेश देता जा रहा है कि इस साल कलेंडर बदलने या न्यू ईयर ग्रीटिंग भेजने तक खुद को सीमित न रखें।

नए साल के आगमन पर हम न जाने कितने तरह की कार्य-योजनाएं बनाते हैं। नया मकसद, नया प्लान, पुराने अधूरे प्लान को पूरा करने का संकल्प और उस संकल्प को पूरा करने के लिए नई सोच के साथ हम आगे बढ़ते हैं। बीते साल की समीक्षा के साथ नए साल के स्वागत में ऐसा नया करना चाहते हैं, जैसा अभी तक नहीं कर पाए थे। मनोवैज्ञानिकों और साधकों के मुताबिक किसी भी प्राणी के साथ हमारा व्यवहार, धारणा, मान्यता और सोच जैसी होती है वैसे ही हालात हमारे बनते जाते हैं। सद्गुणों को प्राप्त करने या उसके खोने की स्थिति भी यही है। यदि हमारे अंदर विनम्रता, दया, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, प्रेम, सत्य और अन्य सद्गुणों का भंडार है तो हम किसी से कभी अप्रिय व्यवहार नहीं कर सकते और न ही संवेदनहीन ही हो सकते हैं। नए साल पर सदगुणों को बेहतर तरीके से अमल में लाने पर आगे बढ़ सकते हैं। उसने संकल्प लिया, वह अपने मकसद को हरहाल में जरूर पूरा करेगा, इसके लिए उसे चाहे जितनी बार कोशिश करनी पड़े। उसके संकल्प ने उसे अपने मकसद में कामयाब बना दिया, और वह सफल हो गया। प्रकृति में अनगिनत वस्तुएं हैं जिनसे आप प्रेरणा लेकर अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। एक बार यदि निश्चय कर लिया कि चाहे जितनी शक्ति लगानी पड़े या संघर्ष करना पड़े, कदम पीछे नहीं हटेगा तो दुनिया की कोई शक्ति आप की शक्ति और संकल्प को तोड़ नहीं सकती, बल्कि कुदरत आप के हर कदम पर सहायता ही करेगी।

महान विचारक बिस्मार्क ने इंसान को आगे बढ़ने के लिए 'इच्छा-शक्ति और निर्णय-शक्ति को बहुत जरूरी माना है। इसके साथ ही उस संकल्प-शक्ति को दृढ़ करने को जरूरी माना है, जिससे संकल्प विकल्प में तबदील न हो। बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करते वक्त बहुत सावधानी की जरूरत होती है कि हमारा दोस्त कौन है और दुश्मन कौन है। तर्क-शक्ति से यह समझ बढ़ती है। इसी से देखे गए स्वप्न को साकार करने में सफलता हासिल होती है। अपने स्वभाव, आदतों और व्यवहार को चिंतन के तराजू पर तौलकर हम एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। परिवर्तन तो अनिवार्य है, यह रुकने वाला नहीं है, लेकिन हमें इसके मुताबिक बदलने के पहले यह देखना जरूरी है कि हमारे लिए क्या चीज उपयोगी है और क्या अनुपयोगी है। यह बात समझने की है कि जीवन दूसरों के विचारों, सलाहों, जीवन-शैली के अंधानुकरण और प्रतियोगिता करके नहीं चलाया जा सकता है। यदि इस तरह की जिंदगी अपनाना चाहते हैं तो इतनी विसंगतियां, जटिलताएं और समस्याएं पग-पग पर आ सकती हैं, जिससे जीना ही दूभर हो सकता है। इसलिए नए साल में उड़ान तो भरें, लेकिन सावधानियों के साथ। स्वप्न देखना चाहिए। लेकिन ऐसा स्वप्न ही देखना मुफीद होता है

# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

# गुरु ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकता है



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## आईएनएसवी कौडिन्य



29 दिसंबर, 2025 को पोस्ट की गई इस तस्वीर में, आईएनएसवी कौंडिन्य, इंडियन नेवी का बना हुआ सेलिंग वेसल, जिसे पुरानी भारतीय तकनीकों का इस्तेमाल करके बनाया गया है, खाड़ी क्षेत्र के साथ ऐतिहासिक समुद्री संबंधों को दोहराते हुए, मस्कट, ओमान के लिए अपनी पहली यात्रा पर निकला है।

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला

भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है।

*-मनोज कुशवाह, धमतरी*

## करंट अफेयर

# राष्ट्रपति ने ब्लू हाउस से शुरू किया कामकाज

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को देश के पारंपरिक राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' से आधिकारिक तौर पर अपना कामकाज शुरू कर दिया। इस साल जून में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद राष्ट्रपति ली पहली बार राष्ट्रपति भवन 'चोंग वा डे' में गए। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भवन को 'ब्लू हाउस' के नाम से भी जाना जाता है। पद से हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय को रक्षा मंत्रालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने के तीन साल से अधिक समय बाद किसी राष्ट्रपति ने 'ब्लू हाउस' से कामकाज शुरू किया।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण।



## ट्रेंड

### घुसपैठियों को बाहर करेंगे



कांग्रेस ने आईएमडीटी एक्ट लाकर असम में घुसपैठियों के बसने का रास्ता खोल दिया। भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो घुसपैठियों को भारत के लिए खतरा मानती है, इसलिए भाजपा ही घुसपैठिया मुक्त भारत बना सकती है। भाजपा सरकार देश से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करेगी।

-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### हम आत्मनिर्भर बनें



हम चाहे किसी भी देश, धर्म, जाति या संप्रदाय के हों, भोजन और पानी की तरह शांति भी हमारी मूल आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब देश में शांति हो और हम आत्मनिर्भर बनें। इसके बाद हम गर्व से कहेंगे हमारा देश विकसित है।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### भयावह घृणा अपराध



देहरादून में ऐंजल चकमा और उनके भाई के साथ जो हुआ, वह एक भयावह घृणा अपराध है। नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। वर्षों से इसे रोजाना, हमारे युवाओं को, जहरीली सामग्री और गैर-जिम्मेदार बयानों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा। भाजपा नफरत फैला रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केंद्र सरकार जिम्मेदार



बंगाल में एक और बीएलओ की आत्महत्या, पूरे देश में अब तक कुल 33 मौतें, एक कथित घुसपैठिया ठीक नहीं, लेकिन 33 बीएलओ की मौत ठीक है? इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। पता नहीं कितने और लोगों की जान लेगी।

-कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसद

संक्षेप

## अधिवक्ताओं का उपजिलाधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन

### मुसाफिरखाना कोर्ट बहिष्कार की चेतावनी, जमकर लगाए नारे

अमेठी , मुसाफिरखाना तहसील में बुधवार को अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संघ ने एसडीएम पर संघ के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकीलों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। इस दौरान तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की गई अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने आरोप लगाया कि एसडीएम घूस लेकर आदेश पारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवहार न केवल अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ है, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक एसडीएम अभिनव कन्नौजिया को मुसाफिरखाना से हटाया नहीं जाता, तब तक उनकी अदालत का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।इस प्रदर्शन में के.के. सिंह, अंजनी मिश्रा, पवन तिवारी, सतीश सिंह, राजन सिंह, राजीव तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। स्थिति को देखते हुए तहसील परिसर में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। प्रशासन की ओर से अभी इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## सरकारी नाली तोड़ी, जमीन पर कब्जा

### पीड़ित संतोष साहू ने दबंग पर लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

अमेठी, मुसाफिरखाना क्षेत्र में मानशाहपुर निवासी संतोष साहू ने गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। साहू ने सरकारी नाली तोड़ने और अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। संतोष साहू के अनुसार, आरोपी ने सरकारी नाली को तोड़कर उस पर खेती कर ली है, जिससे गांव में जल निकासी बाधित हो रही है। इसके अतिरिक्त, विपक्षी ने उनकी निजी जमीन पर जबरन घूर-गड्ढा बना लिया है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने मजबूर होकर मुसाफिरखाना कोतवाली में गुहार लगाई। पुलिस ने संतोष साहू की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## छत के रास्ते चोरों ने नकदी सहित जेवरात किया चोरी

### इन्हौना क्षेत्र में पुलिस मौके पर पहुंची, थानाध्यक्ष ने घटना को संदिग्ध बताया

अमेठी , सिंहपुर ब्लॉक के इन्हौना थाना क्षेत्र स्थित जयलाल दुबे का पुरवा मजरे चिलौली गांव में सोमवार रात एक घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और सोने-चांदी के जेवरात सहित 25 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। यह घटना हरी प्रसाद पासी पुत्र स्व. राम सतन के घर में हुई। गृहस्वामी हरी प्रसाद पासी को जब चोरी का पता चला तो उन्होंने तत्काल इन्हौना पुलिस को सूचना दी।

# नववर्ष के अवसर पर ग्राम प्रधान सोरहिया ने पत्रकारों व समाजसेवियों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरहिया के लोकप्रिय ग्राम प्रधान एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि फौजदार वर्मा द्वारा नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गुरुवार को बाबागंज पुलिस चौकी के निकट स्थित सोरहिया पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान फौजदार वर्मा ने रुपईडीहा, नवाबगंज व बाबागंज क्षेत्र के पत्रकारों एवं समाजसेवियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र, डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया तथा सभी को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकार निष्पक्षता के साथ समाज की समस्याओं को सामने लाने का कार्य करते हैं, जिसके लिए वे सम्मान के पात्र हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा, सुरेश मदेशिया, रावेन्द्र नाथ शर्मा, संतोष मिश्रा, रुद्रप्रताप मिश्रा, देवेश पाण्डेय, श्याम मिश्रा, जुनैद अंसारी, रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, शेर सिंह कसौधन, अनिल वर्मा, संजय गुप्ता, महबूब अहमद, इरशाद हुसैन, मोहम्मद अरशद, अमित मदेशिया, दीपेन्द्र मिश्रा, मो. सलीम, रईस अहमद, धीरेंद्र शर्मा, रमेश सिंह, अशोक पाठक, सत्येन्द्र पाण्डेय, राजकुमार शर्मा, मो. अकील, नईम अहमद, शाहिद हुसैन सहित दर्जनों क्षेत्रीय पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारी ने जिलाधिकारी को भेंट किया गुलदस्ता

### संगठन के पदाधिकारी ने डीएम सहित अन्य अधिकारियों को नव वर्ष की दी शुभकामनाएं



अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

बहराइच। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अगवाई में संगठन के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र सहित कई अन्य विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर आनंद विक्रम, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, रोहित मौर्य सहित ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष भीम सिंह कुशवाहा, मंत्री विकास श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, संजीत कुमार, रविन्द्र तिवारी, विपेंद्र, महेश जायसवाल, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## दबंगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुहल्ले वासियों ने कोतवाल से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा के कस्बा चौकी क्षेत्र में मोहल्ला कहारन टोला आता है। यहां कुछ दबंग व अराजकतत्वों के उत्पात से मुहल्ले के रहने वाले लोगों ने कोतवाल नानपारा से उपरोक्त दबंगों के खिलाफ कोतवाली नानपारा में प्रार्थना पत्र दिया है। इनमें मुख्य रूप से रामचरन, दिलीप, धर्मेंद्र, सागर, सुनील, आदि के उत्पात से मुहल्ले के लोगों का जीना हराम है। मुहल्ले वासियों में जियाउल, कसीम, असलम, कैंसरजहां, नासिर आदि तमाम लोगों ने कोतवाल नानपारा से उपरोक्त दबंग के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। आपको बताते चले कि विगत दो-चार वर्षों पूर्व जिसके पास कुछ नहीं था आज वह लाखों में खेल रहा है। मिली जानकारी सूत्रों के अनुसार ऐसा प्रतीत होता है उपरोक्त विपक्षी जो कबाड़ का काम करता है उल्टे सीधे काम करके ही उसने काली कमाई की है। उपरोक्त विपक्षी दल शराबी वह नशेड़ी प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। पुर रोड पर कबाड़ का सामान फैला रहता है अगर कभी रास्ता निकालना चाहे और कहो इसे हटा लो निकल जाए तो आमादा फौजदारी गाली गलौज पर उतर आते हैं। रामचरण नामक व्यक्ति जो कबड्डी का कार्य करता है दबंगई व उत्पात इसी की शह पर होता है। आज भी राजा पुत्र अच्छे को उपरोक्त दबंगों ने मारा बेटा इसके पास पश्चात आकर के कोतवाली में प्रार्थना पत्र भी दे दिया कि राजा ने मारा है। जबकि इसके पूर्व का चलचित्र भी दबंगों के उत्पात मचाने का मौजूद है। यह काम से कम 30 से 40 की संख्या में निकलते हैं। इसके विगत दिनों पूर्व रैंगिंग करके राजा को मारपीट रहे थे। उपरोक्त राजा ने अपनी जान बचाने के लिए पिंटू कश्यप के घर में घुस गया था उसके घर में घुसकर भी मारा था जिसमें पिंटू की पत्नी ने कस्बा के सिपाहियों को बयान भी दर्ज कराया था कि मेरे घर में मारा पीटा है। इस संदर्भ में कस्बा चौकी के बीट सिपाहियों की भूमिका भी संदिग्ध रही। अगर इस समय बीट सिपाहियों ने तत्परता दिखाई होती तो आज उपरोक्त दबंगों की दबंगई नहीं होती। मुहल्लेवासियों की मांग है कि उपरोक्त प्रकरण की जांच बीट सिपाहियों से ना कराकर किसी अन्य बीट सिपाही से कराए जाने की कृपा करें।

# क्रिकेट टूनार्मेंट में राठ टीम ने बसबारी टीम को चार रनों से हराया

अमन लेखनी समाचार



गहरौली ( हमीरपुर )गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम मे चल रहे खड़ेही लोधन टूनार्मेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता के पांचवे दिन दो मैच खेले गए जिसमे राठ की टीम ने बसवारी की टीम को 4 रनों से हरा दिया, वही दूसरे मैच में मौदहा की टीम ने खेड़ा शिलाजीत की टीम को 2 रनों से पराजित कर अपनी जीत दर्ज की। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम में चल रहे खड़ेही लोधन क्रिकेट टूनार्मेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता के पांचवे दिन गुरुवार को आयोजित मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि मलखान सिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि चिल्ली, गुलाब सिंह यादव एवम जीतेन्द्र सिंह राजपूत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया इसके बाद पहला राठ टीम व बसवारी की टीम के बीच मुकाबला खेला गया ।जिसमें राठ टीम ने पहले टॉस जीतकर बसवारी की टीम को बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया बसवारी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरो में 94 रनों के लक्ष्य रखा ।जवाब में मैच खेलने उतरी राठ की टीम के खिलाड़ियों ने 11 ओबर में 98 रन बनाकर 4 रनों से मैच जीत लिया ।इसके बाद दूसरे मैच का शुभारंभ पवन राजपूत ने मैच खेलने आये खिलाड़ियों से उनका परिचय लेते हुए कराई इसके बाद शुरू हुआ दूसरा मैच मौदहा के टीम व खेड़ा शिलाजीत की टीम के बीच खेला गया जिसमें मौदहा की टीम के कप्तान ने पहले टार्स जीतकर खेड़ा शिलाजीत टीम के कप्तान को बल्लेबाजी करने को कहा पहले बल्लेबाजी करते हुए खेड़ा शिलाजीत की टीम ने निर्धारित12ओबरो में 86 रन बनाए, जबाब में उतरी मौदहा की टीम ने 6 ओबरो में 88 रन बना कर 2 रनों से अपनी जीत दर्ज की।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

### मृतक के पिता ने बहू उसकी बहन और जीजा पर मारपीट का लगाया आरोप


अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। एक महीने पहले मारपीट में घायल रिक्शा चालक की इलाज के दौरान एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के पिता ने बहू, उसकी बहन और जीजा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है ।वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है ।कुरारा थाना क्षेत्र के इन्दपुरी गांव निवासी अखिलेश निषाद( 25 ) पुत्र ब्रजलाल की दो वर्ष पूर्व मुख्यालय के केशरिया डेरा मुहाल निवासी सीता से शादी हुई थी। अखिलेश शादी के बाद से सदर कोतवाली क्षेत्र के केशरिया डेरा में किराए का मकान लेकर रह रहा था। यहां रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बीते 26 नवम्बर को अखिलेश का पत्नी सीता से विवाद हो गया जिस पर सीता ने अपनी बहन और जीजा को बुलाकर उसके साथ मारपीट की थी। जिससे उसके पेट में पस पड़ जाने के बाद अखिलेश के पिता ब्रजलाल ने 29 दिसम्बर को अखिलेश को शहर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया था। यहां उसका ऑपरेशन भी हुआ लेकिन बीते बुधवार की देर रात 8 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मृतक के पिता ब्रजलाल ने अपनी बहू, उसकी बहन और जीजा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाल पवन पटेल ने बताया कि अखिलेश की तबियत खराब होने के चलते मौत हुई है, उन्हें अभी तक तहरीर नहीं प्राप्त हुई है ।तहरीर मिलने पर जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

# विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी

### मतदाता सूची से हटेंगे 2.67 लाख नाम, संख्या 12 लाख होगी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर हुई इस प्रक्रिया के बाद जिले की मतदाता सूची से लगभग 2 लाख 67 हजार मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे। इन मतदाताओं को मृतक, स्थानांतरित या लंबे समय से अनुपस्थित श्रेणी में पाया गया है। इस व्यापक अभियान के तहत, जिलाधिकारी ने पूरी प्रक्रिया की तीन स्तरों पर जांच सुनिश्चित की। आंकड़ों के अनुसार, कुल 2 लाख 67 हजार मतदाता अरऊ सूची में शामिल किए गए हैं, जिनमें अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृतक मतदाता शामिल हैं। इन सभी के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, जिले में 1 लाख 8 हजार मतदाता 'नो-मैपिंग जोन' में पाए गए हैं। ये वे मतदाता हैं जिनका नाम वर्ष 2003 की मूल मतदाता सूची में दर्ज नहीं था। जिला प्रशासन इन मतदाताओं को नोटिस भेजेगा और उन्हें सूची में बने रहने के लिए वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। रकफ प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अमेठी में मतदाताओं की कुल संख्या में उल्लेखनीय कमी आने का अनुमान है। जिले में अब तक करीब 86 प्रतिशत रकफ फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। पहले जहां मतदाताओं की संख्या लगभग 14 लाख 36 हजार थी, वहीं अब यह घटकर लगभग 12 लाख रहने की संभावना है। जिला प्रशासन द्वारा अंतिम मतदाता सूची 31 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिहीन बनाना है।

# मुंह में यूरिन करने की धमकी देने वाली दरोगा लाइनहाजिर

## मेरठ में कपल से बदसलूकी की, बोली- बेल्ट से पीटूंगी

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, मेरठ में महिला दरोगा ने अपनी वर्दी की हनक दिखाते हुए कार में बैठे कपल से गाली-गलौज और मारपीट की। धमकी देते हुए कहा, पुलिस की वर्दी पहन के खड़ी हूं, दरोगा हूं मैं, मुंह में यूरिन कर दूंगी। गाड़ी नहीं हटाई तो बेल्ट से पीटूंगी। मामले का वीडियो सामने आने के बाद ररढ अलीगढ़ ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। मामला मेरठ के आबूलेन मार्केट में शाम 7 बजे का है, लेकिन वीडियो शाम सामने आया। मेरठ ररढ डॉ. विपिन ताडा ने जांच की तो पता चला कि दरोगा रचना राठी अलीगढ़ के महुआ थाने में तैनात है। इसके बाद उन्होंने अलीगढ़ ररढ को रिपोर्ट भेजी। इसके बाद दरोगा के खिलाफ कार्रवाई हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि दरोगा सरकारी काम का बहाना बनाकर मुजफ्फरनगर गई थी, लेकिन दोस्तों के साथ मेरठ के आबूलेन मार्केट में शॉपिंग करने पहुंच गई। मार्केट में उसकी कार जाम में फंस गई थी। गाड़ी के सामने एक अन्य कार खड़ी थी। यह देखकर महिला भड़क गई। उसने पहले कार में बैठे-बैठे गालियां दीं, फिर उतरकर कार सवार कपल के साथ अभद्रता और मारपीट की। जिस आई-20 कार में महिला दरोगा सवार थी, उस पर 14 चालान हैं, जिनकी कुल राशि 43,782 रुपए है ।महिला दरोगा ने युवक को धमकाया और जमकर अभद्रता की। गाली-गलौच भी की ।कार को साइड न मिलने पर भड़की महिला दरोगाशाम के 7 बज रहे थे। सदर बाजार थाना क्षेत्र के बॉम्बे बाजार में आबूलेन पर गाड़ियों की कतार लगी थी। महिला दरोगा रचना राठी भी जाम में फंस गई। अपनी कार के आगे वाहनों को देखते ही महिला दरोगा का पारा चढ़ गया। आरोप है कि इस दौरान महिला दरोगा ने कार में बैठे-बैठे ही गालियां देना शुरू कर दिया ।वह गाड़ी से नीचे उतर गई और कार सवार दंपती के साथ अभद्रता करने लगीं। पूरा विवाद कार को साइड नहीं देने को लेकर हुआ। इस दौरान कार सवार युवक ने भी उतरकर महिला दरोगा का विरोध किया।

# नए साल पर 20 हजार बेसहारा लोगों की मदद

### एडीएम ने कहा- नव वर्ष पर प्रण करो, शराब का सेवन और गलत काम नहीं करोगे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,नए साल की शुरूआत मानवता और सेवा के संदेश के साथ हुई। समाजसेवक अधिराज ठाकुर ने घंटाघर के पास एक विशेष कैंप लगाकर बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित करने की पहल की। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। कैंप के माध्यम से लगभग 20 हजार बेसहारा लोगों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह सराहनीय पहल कनेंग गांव निवासी समाजसेवक अधिराज ठाकुर द्वारा की गई है, जो पिछले छह वर्षों से लगातार बेसहारा लोगों की मदद कर रहे हैं। हर साल ठंड शुरू होते ही वे लोगों से पुराने कपड़े दान करने की अपील करते हैं। एकत्र किए गए वस्त्रों को पहले धुलवाया जाता है, फिर उन्हें साफ-सुथरे तरीके से पैक कर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। नए साल के पहले दिन घंटाघर पर लगाए गए कैंप में कई बोरों में भरकर करीब 20 हजार वस्त्र लाए गए थे। इस सेवा कार्य में एबीवीपी और युवा अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों का भी सहयोग मिला। कैंप में पहुंचे एडीएम अरविंद कुमार ने समाजसेवक अधिराज ठाकुर के साथ मिलकर बेसहारा लोगों को गर्म वस्त्र बांटे। वस्त्र पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और घंटाघर पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। वस्त्र वितरण के दौरान एडीएम अरविंद कुमार ने एक युवक को गर्म कपड़े देते हुए उससे बातचीत की और उसे नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने युवक से नए साल के पहले दिन शराब या किसी भी तरह का नशा न करने का संकल्प लेने को कहा। इसके बाद एडीएम ने स्वयं उस युवक को गर्म वस्त्र पहनाए और नए साल की शुभकामनाएं दीं।

# डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

### रंजीतपुर चिलबिला में अव्यवस्था मिलने पर जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , डीएम शिव सहाय अवस्थी ने रंजीतपुर चिलबिला स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें गौशाला में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण, देखभाल और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं में अपेक्षित कमी मिली, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर की साफ-सफाई, गोवंशों के रख-रखाव, ठंड से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों, चारे-पानी की उपलब्धता तथा बीमार पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इन व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने स्वयं गोवंशों को दिए जा रहे चारे की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संबंधित कर्मियों से चारा भंडारण और वितरण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को समय पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण चारा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जिलाधिकारी गौवंश उपचार कक्ष भी पहुंचे, जहां उन्होंने बीमार गोवंशों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपचाराधीन सभी गोवंशों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक दवाइयों और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, जिससे बीमार पशु शीघ्र स्वस्थ हो सकें। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि गौशालाओं का मूल उद्देश्य निराश्रित गोवंशों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। इस पुनीत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# कर्बला स्थल पर कब्जे का प्रयास

### चार आरोपी हिरासत में, दो जेसीबी जब्त; प्रशासन ने संभाला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला स्थित कर्बला स्थल पर जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया। विजय मौर्य दो जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा और जमीन को समतल करने लगा। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और कर्बला से जुड़े लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विजय मौर्य सहित चार लोगों को हिरासत में ले लिया और दोनों जेसीबी जब्त कर लीं। यह घटना तब हुई जब विजय मौर्य अपने साथियों के साथ कर्बला स्थल पर पहुंचा। उसने जेसीबी मशीनों का उपयोग कर जमीन को समतल करना शुरू कर दिया और वहां लगे पेड़-पौधों को भी काटने का प्रयास किया। उसका उद्देश्य जमीन पर कब्जा करना था। जैसे ही जमीन पर कब्जे की भनक जमीन मालिक और कर्बला से जुड़े लोगों को लगी, वे तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इस अवैध गतिविधि का कड़ा विरोध किया, जिसके कारण वहां भारी भीड़ जमा हो गई और हंगामा शुरू हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए भूमाफिया विजय मौर्य, उसके बेटे विशाल मौर्य सहित कुल चार लोगों को हिरासत में ले लिया और उन्हें कोतवाली ले गई। इसके साथ ही, मौके पर मौजूद दोनों जेसीबी मशीनों को भी सीज कर दिया गया। कर्बला से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया है कि विजय मौर्य ने जमीन के कागजों में हेरफेर कर जबरन कब्जा करने की कोशिश की। उनका कहना है कि इस जमीन के स्वामित्व को लेकर पहले से ही दो पक्षों के बीच अदालत में मामला चल रहा है और विजय मौर्य का इस जमीन से कोई संबंध नहीं है।

## संक्षेप

### ऊदूपुर गांव में संदिग्ध अवस्था में किशोर की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/ फतेहपुर ।जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध अवस्था में किशोर की मौत हो गई।हालांकि जीवित रहने की आशा पर पर जन्म से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया । जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ऊदूपुर गांव में संदिग्ध अवस्था में गुरुवार की शाम करीब 4:30 बजे विनोद कुमार के 12 वर्षीय पुत्र आदर्श की मौत हो गई।परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। हालांकि जीवित रहने की आशा पर किशोर को परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि इस मामले में मृतक आदर्श के पिता विनोद कुमार ने बताया कि उनका पुत्र भूसे की कोठरी के अंदर था तभी कोठरी के खूंटी में बंधी रस्सी में उसका सर फस गया जिसके चलते बच्चे की मौत हो गई है।

### वृहद गौ संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण

#### गोवंश की देखभाल और सर्दी से बचाव के निर्देश

बागपत , जनपद की ग्राम पंचायत सरूरपुर कलाँ में स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र में संरक्षित गोवंश की स्थिति, उनके खानपान, स्वास्थ्य सुविधाओं और साफ-सफाई व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने गौशाला में मौजूद पशुओं की संख्या, उनके लिए उपलब्ध चारा, पानी और आश्रय की व्यवस्था की जानकारी भी ली।निरीक्षण के समय अधिकारियों ने विशेष रूप से सर्दी के मौसम को देखते हुए गोवंश के बचाव की व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पशुओं को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में तिरपाल, पुआल और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।साथ ही, गोवंश के लिए नियमित रूप से गर्म पानी, पोषक चारा और खनिज मिश्रण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने गौ संरक्षण केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया।उन्होंने कर्मचारियों को परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले। बीमार पशुओं की समय-समय पर पशु चिकित्सक द्वारा जांच और उपचार कराने के निर्देश भी दिए गए।

### ट्रांसपोर्टरों ने फिटनेस सेंटर निजीकरण का विरोध किया

#### आरटीओ मेरठ को ज्ञापन सौंपकर निर्णय वापस लेने की मांग

बागपत , ट्रांसपोर्टरों ने वाहन फिटनेस सेंटर के निजीकरण का कड़ा विरोध दर्ज कराया है। बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर आरटीओ मेरठ कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि फिटनेस सेंटर के निजीकरण से वाहन मालिकों, चालकों और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

## ऐतिहासिक मंदिर के निरीक्षण पर पहुंचे जनपद के डीएम सीडीओ

### शिवराजपुर गौशाला में की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर ।जनपद के बिंदकी तहसील के मलवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिवराजपुर स्तिथ प्राचीन मंदिर रसिक बिहारी लाल जी महाराज एवं गिरधर गोपाल जी महराज का जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने दर्शन पूजन किया, उसके पश्चात उन्होंने मन्दिर परिसर का घूमकर स्थलीय जायजा लिया, साथ ही मन्दिर में बनी प्राचीन आकृतियों को भी देखा एवं पुरातत्व विभाग द्वारा 1.41 करोड़ की स्वीकृत धनराशि से कराए जा रहे मन्दिर के सौंदर्यीकरण के कार्य को देखा। पुरातत्व विभाग के अधिशासी अभियंता से अभी तक कराए गए के कार्यों की अद्यतन जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द से जल्द कराया जाय, साथ ही नियमानुसार मन्दिर बनी पुरानी संरचनाओं/कलाकृतियों को संरक्षित भी किया जाय।

तत्पश्चात ग्राम गिरधर गोपाल नन्दी गौशाला शिवराजपुर का भी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया, के दौरान मौके पर 428 गौवंश पाए गए, गौवंशो के भरण पोषण हेतु गौशाला में भूषा, पशुआहार, हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता पाई गई। उन्होंने गौशाला में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, विजिटिंग रेजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर आदि को देखा जो अद्यतन पाए गए। उन्होंने प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी से कराए गए टीकाकरण और गौवंशो के स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली साथ ही निर्देशित किया कि रोस्टर बनाकर साप्ताहिक निरीक्षण करे। उन्होंने गौवंशो को ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्था को देखा और जानकारी भी की। जिसमें पाया गया है कि पर्याप्त मात्रा में काऊ कोट, तिरपाल, अलाव की व्यवस्था की गई है। खंड विकास अधिकारी मलवा ने बताया कि तीन बीघे में गौवंशो हेतु नेपियर घास उगाई गई है ।

उन्होंने नायब तहसीलदार बिन्दकी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में पशुचर, परती /नवीन परती की जमीन को चिन्हित कर ग्रामसभा को दी जाय ताकि गौवंशो हेतु और अधिक हरे चारे की व्यवस्था की जा सके। गौशाला के पास में मियावाकी पद्धति से कराए गए पौधरोपण को भी देखा और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बिन्दकी, खंड विकास अधिकारी मलवा, पुरातत्व विभाग के अधिशाषी अभियंता, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## आरपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट के योद्धा आज से आजमाएंगे दांव

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत आईटीआई मैदान बुढ़वा गांव में आरपीएल क्रिकेट लीग टूनार्मेंट मैच का आगाज हुआ आज इस भव्य समारोह का शुभारंभ धूमधाम से होगा समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आज प्रातः 11 बजे प्रथम मैच का उद्घाटन होगा जहां जनपद ही नहीं अपितु दूसरे जनपद तथा सुदूर क्षेत्रों से आई हुई प्रतिभागी टीमों का प्रदर्शन दर्शकों को देखने को मिलेगा समूचे ग्राउंड समेत अन्य सभी व्यवस्थाएं समिति द्वारा सुसज्जित कर ली गई हैं कल देर शाम तक नई नवेली दुल्हन की तरह समूचे मैदान को सजाया गया इस मौके पर समिति के वरिष्ठ राजेश उत्तम एहसान विराट मुकुल भूरा तथा अविराम मिश्र समेत सभी सदस्यों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी संभाली

## कोतवाली में तैनात पीआरडी जवान की अचानक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी/ फतेहपुर।जनपद के बिंदकी कोतवाली में तैनात पीआरडी जवान हिमांशु तिवारी उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र मनोज कुमार तिवारी निवासी ग्राम शाहजहांपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर की गुरुवार को दिन में करीब 3 बजे बिंदकी कोतवाली परिसर में अलाव तापते समय अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई।हालांकि जीवित रहने की आशा पर पीआरडी जवान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया जहा पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पीआरडी जवान की अचानक हुई मौत के बाद हड़कंप मच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदकी हेमंत कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। और कानूनी कार्रवाई शुरू किया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीआरडी जवान की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया परिजन रो-रो कर बेहाल हो रहे थे।

## नव वर्ष के उपलक्ष में आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

### सेवानिवृत्त उप निरीक्षक ने गरीबों को दी ठंड से निजात

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरिहा में स्थापित पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण अंतर्गत कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया नव वर्ष के उपलक्ष में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय मां श्यामा देवी अवस्थी की पुण्यतिथि में ग्रामीण समाजसेवी सेवानिवृत्त उप निरीक्षक विपिन बिहारी अवस्थी ने कंबल वितरण करते हुए ग्राम पंचायत के नागरिकों को ठंड से राहत प्रदान की मौके पर मौजूद पुत्र लेखपाल प्रशांत अवस्थी एवं सुभाष अवस्थी के साथ मिलकर विपिन बिहारी अवस्थी ने क्षेत्र के खजुरिहा चटिहा तथा बचनीपुर गांव के आधा सैकड़ा से अधिक गरीब असहाय विकलांग विधवा महिला पुरुष वर्ग को कंबल प्रदान किया ग्रामवासी मटरू हीरा बाबूलाल बृजलाल प्यारे सरजू गंगा नारायण सुरेश पाल परागेपाल सुंदरलाल भगत नाई समेत आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने कंबल स्वीकृत करते हुए समाजसेवी समेत



संपूर्ण कुटुंब को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष समय-समय पर महारुद्राभिषेक कन्या भोज विशाल भंडारा इत्यादि सेवा निवृत उप निरीक्षक के तत्वावधान में आयोजित होते रहते हैं गरीबों की मदद करते हुए उपनिरीक्षक ने समस्त ग्रामीणों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर आयोजित हुई एस आई आर समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

विनीत पाण्डेय



जहानबाद, फतेहपुर।देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष में जहानाबाद विधानसभा खजुहा विकासखंड क्षेत्र के कसियापुर गांव में एस आई आर समीक्षा बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सदस्य सांसद बाबूराम निषाद तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों समेत पहुंचे क्षेत्र के जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल जिला मंत्री रेखा मिश्रा क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह समेत दर्जनों समाजसेवियों ने अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए वर्तमान में चल रही एस आई आर के विषय में गहन वार्ता की वही कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकताओं से समीक्षा भी की गई इस मौके पर प्रांत परिषद सदस्य डॉ राम भक्त वर्मा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा गौतम बैजनाथ वर्मा सोमवती निषाद मधुराज विश्वकर्मा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण शुक्ला रज्जन लाल त्रिवेदी अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता प्रांजुल पाण्डेय अंकुश पटेल समेत भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि गणों की सहभागिता रही

## अंतर्राष्ट्रीय जूनू अवार्ड से सम्मानित हुए मेधावी

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के सदर क्षेत्र समेत अमौली विकासखंड के सैठी गांव में संचालित सृजन पब्लिक स्कूल परिसर में विश्व प्रसिद्ध इटालियन चित्रकार डॉक्टर रश्मि भूषण जुनू अवार्ड 2025 का सम्मान समारोह आयोजित हुआ कार्यक्रम का संचालन संस्था के पदाधिकारी वरिष्ठ कवि कृष्ण कुमार सविता द्वारा किया गया जहां प्रतियोगी परीक्षा में विजय हासिल करने वाले 20 मेधावी बच्चों को जूनू अवार्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया मिली जानकारी के अनुसार अमौली कस्बे में संचालित ज्ञान भारती आरजीएम इंटर कॉलेज की छात्रा कृतिका हिमांशू समेत लगभग आधा दर्जन बच्चे वही पीएलडी पब्लिक स्कूल की छात्रा वैष्णवी मिष्ठी अदिति समेत लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राएं तथा सृजन पब्लिक स्कूल सैठी की छात्रा दिशा उमराव आर्या पटेल तान्या यादव समेत 8 बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान दिए गए संचालक कृष्ण कुमार सविता ने बताया की नन्हे मुन्ने बच्चों को पर्यावरण तथा मानव के प्रति प्रेरणात्मक बनाने के लिए प्रतिवर्ष संस्था यह कार्यक्रम आयोजित करती है जहां फतेहपुर जनपद ही नहीं अपितु लखनऊ प्रयागराज बहराइच मैनपुरी समेत प्रदेश तथा देश के अनेक क्षेत्रों पर यह प्रतियोगी परीक्षा करा कर बच्चों की प्रतिभा का आकलन किया जाता है आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों ने भी सुंदर-सुंदर गीत संगीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों समेत शिक्षकों को भाव विभोर कर दिया इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक राज किशोर वर्मा अतुल वर्मा रघुवीर यादव रीना देवी विनोद यादव करुणेंद्र सिंह आकाश कमल तथा हरिओम शर्मा समेत भारी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे

## हिंदू संगठन के कार्यकताओं की गुंडई का वीडियो

### रेस्टोरेंट के कमरे से प्रेमी-प्रेमिका को घसीटकर पीटा; युवक चिल्लाता रहा- मैं हिंदू हूं

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , हिंदू संगठन के कार्यकताओं की गुंडई का वीडियो सामने आया है।वीडियो मोदीनगर के एक रेस्टोरेंट का बताया जा रहा है।जहां हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने प्रेमी-प्रेमिका के साथ जमकर मारपीट की। युवती को अर्धनग्न हालत में ही गालियां दी और मारा-पीटा। युवक कार्यकताओं से खुद को हिंदू बताता रहा।इसके बावजूद कार्यकर्ता उसे मुस्लिम बताकर पीटते रहे।पुलिस का कहना है कि वीडियो 2 महीने पहले का है। सामने आया है।अब पूरे मामले की जांच की जा रही है।

रेस्टोरेंट के अंदर मारपीट की तस्वीरें

सीन 1- हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने पहले युवक को कॉलर पकड़कर बाहर निकाला।

सीन 1- हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने पहले युवक को कॉलर पकड़कर बाहर निकाला।

सीन 2- कमरे के अंदर से लड़की को अर्धनग्न हालत में बाहर निकाला।

सीन 2- कमरे के अंदर से लड़की को अर्धनग्न हालत में बाहर निकाला।

सीन 3- युवक को हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने रेस्टोरेंट के बाकी लोगों के सामने जमकर पीटा।इस दौरान युवक माफ करने की गुहार लगाता रहा।

सीन 3- युवक को हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने रेस्टोरेंट के बाकी लोगों के सामने जमकर पीटा।इस दौरान युवक माफ करने की गुहार लगाता रहा।1 मिनट 37 सेकेंड का यह वीडियो मोदीनगर में मेरठ रोड स्थित क्लासिक पिज्जा होटल का है।

वीडियो में बहुत से लोग रेस्टोरेंट में बैठे दिखाई दे रहे हैं। तभी 6-7 लोग रेस्टोरेंट के अंदर आते हैं और एक कमरे का दरवाजा खोलते हैं।कमरे के अंदर से वो लोग एक युवक को शर्ट का कालर पकड़कर बाहर निकालते हैं ।फिर उसे 3-4 थप्पड़ मारते हैं। इसके बाद 2-3 लोग कमरे से आपत्तिजनक हालत में लड़की को बाहर निकालते हैं।इस बीच युवक लड़की को अंदर करने और छिपाने की कोशिश करता रहता है।

## युवक की चाकू गोदकर हत्या

### घर से 1.5 किमी दूर खून से लथपथ शव मिला, रात में न्यू ईयर सेलिब्रेट करने गया था

अमन लेखनी समाचार


धर्मेंद्र सोनकर, मृतक

प्रयागराज, देर रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक नए साल का जश्न मनाने के लिए अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। वहां उसने शराब पी और जमकर मस्ती की। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने आसपास के इलाके में उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और पड़ोसियों से संपर्क किया लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला।गुरुवार सुबह गांव से लगभग 1.5 किमी दूर युवक का लहूलुहान शव पाया गया।इससे इलाके में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों ने तुरंत घर वालों और पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आसपास के लोगों से पूछताछ करके जांच शुरू कर दी। यह घटना एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के दिलदारगंज असरवाल कला की है।

#### ईट-भट्टे पर गाड़ी चलाने का काम करता था युवक

युवक का नाम धर्मेंद्र सोनकर उर्फ धर्मेश ( 34 वर्ष ) पुत्र जुग्गुल सोनकर है। वह ईंट-भट्टे पर गाड़ी चलाने का काम करता था। परिजनों के मुताबिक बुधवार सुबह धर्मेंद्र सोनकर रोज की तरह काम पर गया था। आम दिनों की तरह वह शाम को घर लौट आता था, लेकिन नए साल के मौके पर वह दोस्तों के साथ पार्टी करने गया और देर रात तक घर वापस नहीं आया। धर्मेंद्र के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह गांव से करीब 1.5 किमी दूर पर उसका शव पड़ा होने की सूचना ग्रामीणों ने दी। यह सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची एयरपोर्ट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। धर्मेंद्र के शरीर पर नुकीले हथियार के कई वार के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रारंभिक तौर पर कहा जा रहा है कि उसकी हत्या चाकू से की गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की हर संभावित एंगल से जांच कर रही है। जांच में यह भी सामने आया कि मृतक शराब पीता था और नए साल के मौके पर कुछ दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। पुलिस का कहना है कि सभी

## बच्चों के सामने गाली न दो...पति ने मार दिया चाकू

### नोएडा में पत्नी के टोकने से नाराज होकर घायल कर दिया, पड़ोसियों ने भर्ती कराया

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में दोपहर घरेलू कलह के दौरान गाली-गलौज कर रहे पति का विरोध करना भारी पड़ गया।गुस्से में पति ने पत्नी को चाकू से गोद डाला।गंभीर हालत में महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है।फेज-वन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।पीड़िता आरती देवी ने पुलिस को बताया कि वह पति प्रवीन कुमार उर्फ पिंटू और बच्चों के साथ सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में रहती हैं।पति से आए दिन झगड़ा होता रहता है। 27 दिसंबर की दोपहर करीब ढाई बजे पति ने घरेलू बातों को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया।बच्चों के सामने ही गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली-गलौज करने से किया मनापत्नी ने जब बच्चों की मौजूदगी में गाली-गलौज न करने की बात कही तो पति को इस कदर गुस्सा आया कि उसने स्टैंसिल चाकू से हमला कर दिया।आरोपी ने महिला की पीठ पर चाकू से लहूलुहान अवस्था में गिरने तक वार करता रहा।महिला ने जब खुद को बचाने का प्रयास किया तो उसके हाथ पर भी चाकू लग गया।किसी तरह स्थानीय लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गया। आरोपी पति को किया गिरफ्तारलोगों ने पुलिस की मदद से पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया।एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।



## नोएडा में निवेश के नाम पर 12.50 लाख ठगे

### वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर दी फर्जी ट्रेनिंग, पांच बार में रकम कराई ट्रांसफर

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , रहने वाले एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने निवेश के बहाने 12.50 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर निवेश करने की ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद उन्हें ई-23 स्टॉक मार्केट वेल्थ टिप्स नामक वॉट्सऐप ग्रुप में शामिल कर लिया और एमपोलेनकैपिटल डॉटकॉम वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा लिए।झांसे में आने के बाद पीड़ित ने पहले छोटे अमाउंट में नि?वेश किया। विश्वास होने पर पांच बार में कुल 12 लाख 50 हजार रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस को ग्रेटर नोएडा सेक्टर 1 सुपरटेक इको विलेज सोसायटी निवासी पीड़ित ने बताया कि 9 नवंबर को उन्हें वॉट्सऐप नंबर से एक व्यक्ति ने संपर्क किया। जिसने उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़ कर ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया।ठग ने खुद को एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में पहचान बताई। साथ ही डीमैट खातों के माध्यम से लाइव ट्रेडिंग में शामिल कर लिया।इसके बाद ठग ने 1 दिसंबर को वेल्थ अलायंस ग्रुप नाम का एक प्लान पेश किया।

#### मुंबई में मीटिंग की बात भेजा फ्लाइट टिकट

जिसमें सदस्यों से ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर रकम जुटाई जा रही थी।उसमें पीड़ित भी शामिल हो गया।इसके बाद पीड़ित को एमपोलेनकैपिटल डॉटकॉम वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद निवेश करने के लिए राजी कर लिया। वहीं पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए ठगों ने मुंबई में मीटिंग रखने की बात कहकर फ्लाइट टिकट वॉट्सऐप पर भेजा। झांसे में आने के बाद पीड़ित ने ठगों के खाते में रकम ट्रांसफर कर दिया।

#### शक होने पर ग्रुप से निकाला

12 दिसंबर को निवेश की रकम निकालने की कोशिश की लेकिन ठगों ने बहाने बनाकर टरका दिया। पीड़ित को शक हुआ

## 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा बॉयफ्रेंड

### गर्लफ्रेंड ने शादी से मना कर दिया था, 3 घंटे ऊपर बैठा रहा

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में शादी से इनकार किए जाने पर एक युवक 50 फीट ऊंचे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया।पुलिस और प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 3 घंटे बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के जारचा मार्ग स्थित शाहपुर गांव के पास हुई।पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान बुलंदशहर निवासी पंकज के रूप में हुई है।पंकज ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र स्थित एक होटल में काम करता है। वह एक युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती और उसके परिवार ने शादी से इनकार कर दिया ।शादी से इनकार के बाद पंकज मानसिक रूप से परेशान हो गया।इसी तनाव में वह युवती के इलाके में पहुंचा और पास ही लगे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया।युवक करीब तीन घंटे तक टावर पर ही बैठा रहा, जिससे पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ गई।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं था। इसके बाद पुलिस ने युवती के पिता को भी मौके पर बुलाया देर तक चली बातचीत और समझाने के बाद युवक नीचे उतरने के लिए राजी हुआ। पुलिस और परिजनों की मदद से उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। गुरुवार को कस्बा कुरारा में ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की बैठक संपन्न हुई।जिसमें संस्थापक का जन्म दिन श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के संस्थापक स्व बाबू बालेश्वर लाल के जन्म दिन पर कुरारा इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तथा ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के लिए उनके द्वारा नई दिशा दी गई।उनके द्वारा किए गए योगदान को याद किया गया। आज संगठन प्रदेश से निकल कर पूरे देश में विस्तार कर रहा है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, महामंत्री दीपक अवस्थी, तहसील उपाध्यक्ष कामेंद्र सिंह, तहसील महामंत्री अखिलेश सिंह गौर, बृजेश श्रीवास्तव, अमित दीक्षित, श्रीबाबू शिवहरे,दिनेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## सागौन के पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नववर्ष के उपलक्ष्य में यूआईएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में सागौन की 51 पौधों का रोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया बहुराष्ट्रीय कंपनी यूआईएल की सहयोगी कंपनी बीम प्रोडक्ट एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने 51 सागौन के पौधों का रोपण करके नववर्ष का स्वागत किया। कंपनी ने पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर राधेश्याम तिवारी, कंपनी मैनेजर एलबी सिंह, विकास कुमार, अंकित उपाध्याय, जयप्रकाश, बसंत कुमार, सुखलाल आदि कर्मी मौजूद रहे।

## दिनभर गुलजार रही गायत्री तपोभूमि

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नववर्ष पर गायत्री तपोभूमि में सुबह से गुलजार रही।दिन भर यहां लोगों को तांता लगा रहा। लोग एक दूसरे से मिलकर नव वर्ष की बधाई देते रहे। नववर्ष पर गायत्री तपोभूमि का गायत्री कुंज,विरक्त आश्रम सुबह से गुलजार रहा। यहां दिनभर लोगों का आना-जाना रहा। लोग दिन भर एक दूसरे से मिलकर बधाई देते रहे। लोगों ने ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज के समाधि स्थल पर मत्था टेक कर राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन करके आशीर्वाद लिया।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में शौचालय, पेयजल को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बुधवार को देर शाम कस्बे के पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद प्रसूता वार्ड का निरीक्षण करके उनका हाल-चाल लिया गया। बुधवार को देर शाम ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल के हितार्थ विशेष निर्णय लिए गए। साथ ही अस्पताल को कैसे बेहतर बनाया जाए इस पर गहन मंत्रणा की। इसके पश्चात पर प्रसूता वार्ड का निरीक्षण करके उनका हाल-चाल लिया गया। ब्लॉक प्रमुख ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रखरखाव सही नहीं पाए जाने पर कड़े निर्देश दिए। शौचालय में गंदगी पाए जाने, पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाल, डॉ.परवेज कादरी, एआरओ दिलीप सिंह, बीपीएम श्याम बाबू यादव व सुषमा दिवाक,र लिपिक राशिद खान मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाई

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर।थाना क्षेत्र के बेरी गांव में अज्ञात कारण के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी युवक अखिलेश 25 वर्ष पुत्र बृजलाल ने अपने घर में फांसी लगा ली। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उसे लेकर जिला अस्पताल गए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जिलाधिकारी की प्राथमिकता, कलेक्ट्रेट में सुनीं शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। नव वर्ष के प्रथम दिन जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। वर्ष 2026 के पहले दिन आयोजित इस जन सुनवाई में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से होना चाहिए ताकि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराधिकार (वरासत) का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए। साथ ही, कृषक दुर्घटना बीमा योजना के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनहित के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां, हरदोई। कमरे के अंदर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत का समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बे के मोहल्ला बंदीपुर निवासी पदुम कुमार का 20 वर्षीय पुत्र उदय प्रताप बुधवार की देर शाम कमरे में सो गया।गुरुवार की सुबह जब वह नहीं उठा और परिजनों ने उठाने का प्रयास किया तो मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस मामले में उपनिरीक्षक आकाश वर्मा ने बताया की मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

## हजरत जलाल पीर का जश्ने सालाना उर्स हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट ( सोनभद्र ) शिवापार्क स्थित हजरत सैय्यद जलाल पीर जश्ने सालाना उर्स विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से हर्षोल्लास के साथ रेनुकूट शहर में जुलूस निकाला गया इस जुलूस में काफी संख्या में अकीदत मंद हिन्दू मुस्लिम समाज के पुरुष महिलाओं तथा बच्चो ने बढ़ -चढ़ कर शिरकत किया, तथा जुलूस में जायरीनो द्वारा काफी आतिशबाजी किया गया जो आकर्षण का केन्द्र बना रहा रेणुकूट के शहर के शिवा पार्क में हजरत जलाल पीर जश्ने सालाना उर्स के मौके पर बाबा की मजार पर हजारों की संख्या में लोगों ने बाबा की जियारत करते हुए जुलूस में शिरकत किया. यह जुलूश रेनुकूट शहर के शिवा पार्क मुहल्ले से निकल कर रेनुकूट स्थित जामा मस्जिद तक जाकर फिर वापसी होकर शिवापार्क स्थित हजरत जलालपीर के आस्ताने पर आया, जहां जुलूस में चल रहे जायरीनो ने मजार शरीफ पर चादर चढ़ाकर सिरनी पेश किया तथा फातिहा पढ़कर अपनी - अपनी दुआए एवं मन्नते मांगी. मजार शरीफ के मुजावर (सेवादार) हजरत जलाल पीर सेवा समिति के प्रबन्धक .तांज बाबा ने बताया कि यह जुलूस पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी जश्ने सालाना उर्स के मौके पर यह जुलूस निकला है जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोगों ने शिरकत किया है तथा मजार शरीफ पर अपनी हाजिरी लगाते है गंगा जमुनी की तहजीब कायम करता हुआ ये जुलूस हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है जुलूस का नेतृत्व पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शेख जलालुद्दीन कर रहे थे आवागमन बाधित न हो इसके लिए बराबर माइक से जुलूस में चल रहे लोगो को हिदायत भी दे रहे थे इस मौके पर रेणुकूट परिक्षेत्र के तमाम पत्रकारों ने भी समाचार कवरेज के लिए जुलूस में शिरकत किये.

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में जमकर हुई मारपीट

### पुलिस ने दोनों पक्षों से एक एक को हिरासत में लिया

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गुरुवार को पशु बाजार के समीप पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।एक पक्ष के आधा दर्जन युवकों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को हाईवे में दौड़ा दौड़ाकर डंडों से पीटा। पुलिस ने दोनों पक्षो के एक एक युवक को हिरासत में लिया है। अभी तक किसी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। गुरुवार को करीब 12:00 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में पशु बाजार के समीप जमकर डंडे चले। एक पक्ष के आधा दर्जन युवकों को हाईवे में दौड़ाकर जमकर पीटा। युवक ने भागकर जान बचाई। पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक युवक को हिरासत में लिया है। किसी ने मारपीट की इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की पुष्टि हिंदुस्तान नहीं करता है। कस्बा इंचार्ज संजय राय ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व नवरात्र पर्व पर दो पक्षो में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद चलते गुरुवार को मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के एक-एक युवक हिरासत में हैं अभी तक किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

## गांव में युवा पीढ़ी ने संकल्प लिया नशा मुक्ति धर्म मुक्ति

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा कुरारा के समाजसेवी शिवनारायण तिवारी द्वारा ब्लाक क्षेत्र के गांवों में समाज को नशा मुक्त, धर्म युक्त, संस्कृति उत्थान के लिए कार्य करने वाले समर्पित भाई, बहनों को निज निवास में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।तथा आने वाले समय में गांवों में युवा पीढ़ी को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर टीम वर्क कर नई चेतना का निर्माण करने का संकल्प लिया गया।

## संडीला में सड़क सुरक्षा माह का आगाज: एसडीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रदेश शासन की मंशानुसार शनिवार को संडीला में सड़क सुरक्षा माह का भव्य शुभारंभ हुआ। बस अड्डा चौकी के सामने आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम संडीला नारायणी भाटिया ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक नई पहल की गई। एसडीएम और पुलिस अधिकारियों ने आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। संडीला नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पूरे क्षेत्र को आठ रूटों में विभाजित कर नई रूट प्रणाली लागू की गई है।कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अनुज मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक (संडीला) संतोष कुमार सिंह और यातायात निरीक्षक अनिल सैनी ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग से बचने की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्थानीय पुलिस बल और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। विभाग का लक्ष्य इस पूरे माह सघन अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का डीएम ने किया शुभारम्भ

### डीएम ने यातायात नियमों के प्रति लोगों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। हर घर सड़क सुरक्षा थीम को लेकर जिले में गुरुवार से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शुभारम्भ किया। परिवहन विभाग की तरफ से कलेक्ट्रेट में आयोजित समारोह में डीएम ने लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान जागरूकता के लिए वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सभी जनपद वासियों को नववर्ष की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। खासकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने,वाहन चलाते समय फोन का उपयोग करने, हाई स्पीड ड्राइविंग करने, डिंक एंड ड्राइव करने जैसी आदतों को छोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि यदि हर परिवार सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय अपनाने का संकल्प ले तो हादसे कम होने में मिलेंगी।उन्होंने गांव-गांव व घर -घर तक यातायात नियमों के प्रति जागरूकता करने के लिए दो वाहनों को रवाना किया है।उन्होंने बताया कि यह अभियान एक जनवरी से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा।वहीं एआरटीओ अमिताभ राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह में स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को जागरूकता शपथ दिलाने, विशेष जांच अभियान समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों से जागरूक किया जाएगा।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए इस बार इस आपदा मित्रों को लगाया गया जिससे आपदा मित्र भी अपने आस पास के लोगों को विभिन्न माध्यमों से यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही इस बार जनपद के सभी गांवो के ग्राम प्रधानों को भी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में भारी मात्रा कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर,पीटीओ चंदन पाण्डेय,आपदा मित्र संगठन के अध्यक्ष ऋषभ कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की मनाई गई 96वीं जयंती



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन नगर इकाई गरौठा द्वारा बुधवार को कसवा गरौठा में संगठन के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की 96वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के सदस्यों ने बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए।तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने पत्रकारिता को एक नई दिशा दी।उन्होंने बर्ष 1982 में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का गठन किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए जिससे संगठन का विस्तार हो सके ।इस मौके पर नगर अध्यक्ष आनंद मोहन पाठक,जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा,जिला संप्रेक्षक राजकुमार मिश्रा,जिला मंत्री हेमंत यादव,विपिन कुमार,संजय रिछारिया,सुनील तिवारी,कपिल शर्मा शिवा रावत ,योगेश मिश्रा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## दस माह बाद मारपीट की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के खसौरा गांव निवासी कश्मीर सिंह 55 वर्ष पुत्र गुरुबख्श ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि गांव के ही नरदेव यादव,अभय, सुखदेव व जयदेव ने उनकी भूमि गाटा संख्या 115(क) रकवा 0.6350 हेक्टर आराजी खम्हौरा गांव में स्थित है।15फरवरी 2025 को वह अपने पुत्र अनुपम व चचेरे भाई लालाराम के साथ खेत देखने जा रहा था। वहां आरोपी उसके खेत पर निर्माण कार्य कर रहे थे।मना करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों लोगों को लात घूंसो व लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा। मामले की तहरीर हरपालपुर पुलिस को दी। कोई कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से फरियाद की।फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।अंततः न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## भक्ति और उत्साह के साथ 2026 का आगाज, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। नए साल 2026 के स्वागत में आज पूरा जनपद जश्न और भक्ति के माहौल में डूबा नजर आया। साल के पहले दिन लोगों ने मौज-मस्ती के साथ-साथ ईश्वरीय आशीर्वाद लेकर अपने नए सफर की शुरूआत की। सुबह से ही शहर और ग्रामीण इलाकों के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही, जहाँ लोगों ने सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की।जिले के सुप्रसिद्ध खेतुई बालाजी मंदिर में नए साल पर भक्तों का भारी हुजूम उमड़ा। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद श्रद्धालु सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े नजर आए। जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए थे।लखनऊ चुंगी स्थित प्राचीन रामजानकी मंदिर को विशेष फूलों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया। यहाँ परिवार के साथ आए श्रद्धालुओं ने भगवान राम और माता जानकी के चरणों में मत्था टेककर आरोग्य की कामना की। श्रद्धालुओं का मानना है कि वर्ष के प्रथम दिन आराध्य के दर्शन से पूरे साल सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।प्रमुख मंदिरों और व्यस्त चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि यातायात सुचारु रहे और श्रद्धालु सुरक्षित दर्शन कर सकें। पार्कों और पिकनिक स्पॉट के साथ-साथ मंदिरों में जुटी यह भीड़ नए साल के प्रति लोगों के अटूट विश्वास और उत्साह को साफ बयां कर रही थी।

## सामाजवादी पार्टी द्वारा गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरण किए गए

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा गरीब व असहाय लोगों को इस हाड़ कपाऊं ठंड में कंबल वितरित कर उन्हें राहत प्रदान की।नगर के हुसैनगंज मोहल्ले में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जावेद पहलवान ने वर्तमान समय में चल रही शीत लहर को लेकर नगर के गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। कंबल मिलने पर गरीब वअसहाय लोगों ने उन्हें दुआएं दी। इस मौके पर शहर पेश इमाम कारी करामात उल्ला, कारी सनाउल्लाह, मौलाना अताउरहमान, कांग्रेस पार्टी के विवेक चंद्र, नगर अध्यक्ष अहमद हसन, सफकतउल्ला राजू के अलावा सगीर अहमद, जाहिद मसूद, मन्नू भैया, जावेद कुंबले व अनीस अहमद राजू मास्टर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पिहानी में आस्था पर प्रहार: खंडित शिवलिंग देख भड़के लोग, पुलिस के सुरक्षा दावों की खुली पोल!

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पिहानी में नए साल के स्वागत की तैयारियों के बीच कस्बे से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ के छीपीटोला मोहल्ले स्थित इतिहासिहक फुलवरिया मंदिर में बीती रात अज्ञात अराजक तत्वों ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग को ईंटों से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव और भारी रोष व्याप्त है। वहीं एक तरफ जहाँ पुलिस प्रशासन जीरो टॉलरेंस और चाक-चौबंद सुरक्षा के दावे कर रहा था, वहीं इस घटना ने सुरक्षा तंत्र की धज्जियां उड़ा दी हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नए साल की पूर्व संध्या पर जब चप्पे-चप्पे पर पहरा होना चाहिए था, तब अराजक तत्व ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। शिवलिंग पर हुए प्रहार को लोग अपनी आस्था और अस्मिता पर हमला मान रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कोतवाली में तहरीर,देकर हमलावर के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।₹यह सिर्फ पत्थर पर चोट नहीं, हमारी आस्था का अपमान है। पुलिस की लापरवाही की वजह से आज हमारे आराध्य का अपमान हुआ है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यही है—आखिर पुलिस की सुरक्षा के बीच यह अज्ञात कौन लोग थे जिन्होने शहर की शांति भंग करने की कोशिश की

## महिला के खाते से दो बार में एक लाख चार हजार रुपये उड़ाये

### अज्ञात पर धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के चौंसार गांव निवासी राजीव कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी रामदेवी का इंडिया पोस्ट पेमेंट शाखा बिलग्राम में खाता है।इस खाते से 8 दिसंबर 2025 को 48000 रुपये व 9 दिसंबर 25 को 56000 रुपये साइबर फ्रॉड द्वारा काटा गया है। जिसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष अरवल अमित सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कर मामले की जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने किया भूमि का स्थलीय निरीक्षण, नहीं मिली कोई स्टाम्प कमी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। नव वर्ष के प्रथम दिन जिलाधिकारी द्वारा शासन के निदेशों के क्रम में जमीनी दस्तावेजों की सत्यता जांचने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के ग्राम नयागांव मुबारकपुर स्थित एक भूखंड का सहायक महानिरीक्षक निबंधन, उपनिबंधक सदर और लेखपाल की उपस्थिति में निरीक्षण किया। विक्रेता रामशंकर सिंह, शिवशंकर,श्यामसुंदर और श्रीमती रीता ने गाटा संख्या 767 के 0.0950 हेक्टेयर भाग का विक्रय मेसर्स अन्वी आरव इंटरप्राइजेज के पक्ष में किया था। यह भूमि हरदोई-लखनऊ मुख्य मार्ग पर स्थिति है मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि संपत्ति पर कृषि कार्य हो रहा है और वहां कोई वृक्ष मौजूद नहीं है।विक्रीत रकबा 0.1300 हेक्टेयर से कम होने के कारण नियमानुसार अकृषक दर (21,000 प्रति वर्ग मीटर) से मूल्यांकन कर स्टाम्प शुल्क अदा किया गया है।स्थलीय स्थिति लेखपत्र में अंकित तथ्यों के अनुरूप पाई गई, जिसके आधार पर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उक्त विलेख में किसी भी प्रकार की स्टाम्प चोरी या कमी नहीं पाई गई है।इस दौरान सहायक आयुक्त स्टाम्प प्रवीण कुमार यादव सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बघौली में चोरों का तांडव: पुलिस सोती रही, बंद घर को खंगाल ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं, जबकि खाकी बेबस नजर आ रही है। ताजा मामला थाना बघौली क्षेत्र के कस्बा बघौली का है, जहाँ बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर पुलिसिया गश्त और सुरक्षा दावों की धज्जियां उड़ा दीं। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित राजकुमार अपने परिवार के साथ पैतृक गांव सफीपुर (उन्नाव) गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर शातिर चोरों ने घर के तालों को कटर से काट दिया। और चोरों ने न केवल कमरे में रखी नकदी और कीमती जेवर पार किए, बल्कि घर में रखा गैस सिलेंडर और टीवी तक उठा ले गए। सुबह जब पड़ोसियों ने दरवाजे का ताला टूटा देखा, तो इलाके में हड़कंप मच गया।कस्बे के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में शराबियों और अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसकी जानकारी होने के बावजूद पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात में गश्त केवल कागजों तक सीमित है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है ₹क्या पुलिस का काम सिर्फ घटना के बाद जांच का आश्वासन देना है अगर गश्त प्रभावी होती,तो रिहायशी इलाके में इतना बड़ा हाथ मारना चोरों के लिए मुमकिन न होता।₹ - थानाध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा का कहना है कि मामला संज्ञान में है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खन्डेय गांव में कलाकारों ने दिवारी नृत्य का प्रदर्शन किया



अमन लेखनी समाचार

मौदहा(हमीरपुर)जिले का एक मात्र पर्यटक गांव खण्डेह जो अपने प्राचीन मंदिरों व सागौन के जंगलों लिए जाना जाता है खण्डेह महोत्सव में पहले दिन बुधवार को जंगल के समीप स्थित महाराज बीरादेव के मंदिर प्रांगण में हवन पूजन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सिरसी, खन्ना, करहिया, छिमौली, रीवन,टिकरी सिजवाही, गुरदाहा से आए दिवारी नृत्य कलाकारों ने आ कर अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया आयोजक लालू दुबे ने बताया ग्राम खण्डेह अपनी पुरानी सभ्यताओं के लिए जाना जाता है यहां पर पांच सौ वर्ष पुराने रामजनकी मंदिर शिवालय मंदिर व चार सौ बीघे से अधिक क्षेत्रफल में फैले सागौन के जंगल अपने आप में देखते बनते हैं यहां पर खण्डेह में पहले दिन दिवारी नृत्य तथा दूसरे दिन विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया है ।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com


# इमरान-यामी की फिल्म हक आज ओटीटी पर



**मुंबई।** इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक'जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब क्रिटिक्स ने फिल्म को काफी सराहा था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। शाह बानो बेगम के केस पर आधारित यह फिल्म अब घर बैठे देख सकेंगे। क्योंकि, अब हक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'हक' का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर से पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'घर की चार दीवारों से अदालत तक।

लाइफ Style

# अलीजेह



## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

'ला फैमिली बेलियर' एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। 'ला फैमिली बेलियर' ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था। 'सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म 'ला फैमिली बेलियर' का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की 'खामोशी' जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।' सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म 'धड़क 2' में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'फर्रे' से एक्टिंग में डेब्यू किया था।

हॉलीवुड मसाला

# 'मुझसे शादी' गाने पर किया डांस



**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के साथ शादी के बाद हॉलीवुड सिंगर निक जोनस पर देसी रंग चढ़ गया है। वह अक्सर हिंदी गानों पर थिरकते नजर आते हैं। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें म्यूजिक बैंड के मेंबर और उनके भाई साथ नजर आ रहे हैं। निक और बाकी लोग प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड फिल्म 'मुझसे शादी करोगे' के टाइटल ट्रैक पर झूमते दिखे। खासकर निक ने इस गाने पर जबरदस्त स्टेप्स किए।





# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 में वेक्ना का होगा खात्मा?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा बताया जा रहा है। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का है। यह सीरीज इन दिनों सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड कर रही है, आखिरी एपिसोड के कई स्पॉलर भी सामने आ रहे हैं। यह सीरीज अच्छाई और बुराई के कॉन्सेप्ट पर ही है। इस सीरीज में विलेन का किरदार यानी वेक्ना पांचवें सीजन में काफी ताकतवार हो चुका है। ऐसे में इलेंवन (सीरीज का लीड कैरेक्टर) और उसकी टीम के लोग वेक्ना का सामना करते हैं, इनमें से कई लोगों के पास सुपरपावर भी हैं। पांचवें सीजन में वेक्ना पास खतरनाक योजना है। हो सकता है कि इस बार सीरीज में कुछ किरदार मर भी जाएं। सोशल मीडिया पर एक खबर है कि हॉकिन्स नाम के किरदार को बचाने की कोशिश भी सीरीज में दिख सकती है।




# 9 को री-रिलीज को होगी किस किसको...

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दी है। उनकी अदाकारी वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' एक बार फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया है कि यह फिल्म 9 जनवरी को री-रिलीज की जाएगी। निर्माताओं को यकीन है कि इस बार फिल्म पर दर्शक अच्छा रिस्पॉन्स देंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म को पहले रणवीर सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'धुरंधर' और हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' की वजह से सिनेमाघरों में ज्यादा स्क्रीन नहीं मिल पाई थी। इसकी वजह से इसकी कमाई पर असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता रतन जैन के मुताबिक लोगों में अभी भी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का क्रेज है।



# धुरंधर नए साल में कुछ बदलाव के साथ...

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही रणवीर सिंह की धुरंधर का 1 जनवरी को नया वर्जन रिलीज किया गया है। इस नए वर्जन में धुरंधर में कुछ बदलाव किए हैं। साल 2025 में रणवीर सिंह की धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया। फिल्म ने बहुत सी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े। ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 1,100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। अब नए साल पर इस फिल्म को नए अंदाज में रिलीज किया गया है। नए साल पर फिल्म का रिवाइज्ड वर्जन रिलीज किया गया है। दरअसल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा फिल्म में कुछ बदलाव बताए गए। उन्हीं बदलाव को ध्यान में रखते हुए फिल्म का नया वर्जन रिलीज किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के मुताबिक, इस नए वर्जन में मेकर्स ने दो शब्दों को म्यूट किया है और एक डायलोग में बदलाव किया है।

टीवी मसाला



# इक्कीस हमारे लिए आखिरी अनमोल निशानी है : अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में दोस्त धर्मेंद्र को यादकर भावुक हो गए। धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी को नए साल पर रिलीज है, पर वह इस दुनिया में नहीं हैं। अमिताभ ने कहा कि 'इक्कीस' उनके लिए उनके दोस्त की आखिरी अनमोल निशानी है, जो उनका परिवार भी था। धर्मेंद्र 24 नवंबर 2025 को इस दुनिया को अलविदा कह गए और 1 जनवरी 2026 को उनकी फिल्म 'इक्कीस' रिलीज हो रही है। किसी ने सोचा नहीं था कि यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म साबित होगी, और वह इसे देखने के लिए भी नहीं रहेंगे। 'इक्कीस' में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं, जो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं। हाल ही जब अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और डायरेक्टर श्रीराम राघवन 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे, तो बिग बी भावुक हो गए। उन्होंने जिगरी यार धर्मेंद्र को याद किया, जिनके साथ ढेरों फिल्में की थीं और गहरा रिश्ता था। वहीं, प्रोमो में अमिताभ बच्चन दोस्त धर्मेंद्र और उनकी फिल्म 'इक्कीस' के लिए कह रहे हैं, 'फिल्म 'इक्कीस' हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो हिंदी फिल्म जगत की महान विभूति अपने करोड़ों चाहने वालों के लिए छोड़ गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक, कला की साधना करना चाहता है और कुछ ऐसा ही किया मेरे मित्र, मेरे परिवार, मेरे आदर्श, धर्मेन्द्र देव जी ने।' अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'धरमजी सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे। और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता किसी के अंदर से। बस यादें बनकर, दुआएं बनकर साथ चलते रहता है।'

## भाबीजी घर पर हैं 2.0 में नहीं दिखेंगी सौम्या

**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!' दूसरे सीजन के साथ टीवी पर लौटा, जिसमें शिल्पा शिंदे 'अंगूरी भाभी' के रोल में वापसी कर चुकी हैं।



इस सीजन में पत्नियों की अदला-बदली दिखाई जाएगी और कई सारे ट्विस्ट भी होंगे। सौम्या टंडन ने जब 'भाबीजी घर पर हैं!' छोड़ा था, तो उसके बाद विदिशा श्रीवास्तव ने उन्हें शो में रिप्लेस किया था। अब शिल्पा शिंदे एक दशक बाद'भाबीजी घर पर है 2.0' में अंगूरी भाभी के रूप में लौटीं, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। ऐसे में वो जानने को उत्सुक थे कि क्या टंडन भी वापसी करेंगी? इस बारे में सौम्या ने कहा, 'नहीं, मैं 'भाभीजी घर पर है 2.0' में बिल्कुल भी वापस नहीं आ रही हूं। मैं एक दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हूं। फिलहाल, मैं कुछ और कर रही हूं। इसलिए वापसी का तो सवाल ही नहीं उठता।' सौम्या टंडन ने यह भी कन्फर्म किया कि वह 'धुरंधर 2' में उल्फत के रूप में वापसी करेंगी। हालांकि, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि 'धुरंधर' के दूसरे पार्ट में उनका स्क्रीनटाइम कम होगा। वह बोलीं, ''धुरंधर पार्ट 2' में मेरा रोल बहुत छोटा है क्योंकि मेरे पति की मौत हो चुकी है।

# डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी 'डेमोन कॉलोनी' अपनी नई किस्त के साथ दर्शकों को डराने के लिए तैयार है। डेमोन कॉलोनी 3 का पहला लुक सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।



पोस्टर में डर, रहस्य और अंधेरे की जो झलक दिखती है, वह साफ इशारा करती है कि इस बार कहानी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक मोड़ लेने वाली है। इस फिल्म के साथ एक बार फिर अरुल्निथी अपने लोकप्रिय किरदार में लौट रहे हैं। पहले दो पाट्‌र्स में जिस रहस्यमयी दुनिया और शापित घटनाओं ने दर्शकों को बांधे रखा था, तीसरे भाग में वही कहानी और गहराई के साथ आगे बढ़ती नजर आएगी। निर्देशक अजय ज्ञानमुथु ने इस फ्रेंचाइजी को सिर्फ डर तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसमें मनोवैज्ञानिक तनाव और रहस्य का ऐसा ताना-बाना बुना है, जिसने डेमोन कॉलोनी को अलग पहचान दिलाई। डेमोन कॉलोनी की टैगलाइन है- 'द एंड इज टू फार' यानी अंत अभी बहुत दूर है। यह टैगलाइन खुद में संकेत देती है कि पिछली फिल्मों में शुरू हुआ अंधेरे का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। पहले भागों में जिन अलौकिक शक्तियों और शाप का सामना किरदारों ने किया था, उसका असर अब भी बरकरार है और इस बार टकराव और भी भयावह होने वाला है। इस फिल्म में अरुल्निथी के साथ प्रिय भवानी शंकर, अर्चना रविचंद्रन, मुथुकुमार और मीनाक्षी गोविंदराजन भी अपनी भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं। एक ही कास्ट का लौटना इस बात का संकेत है कि कहानी में निरंतरता रहेगी और दर्शकों को उसी डरावनी दुनिया में फिर से ले जाया जाएगा, जहां हर मोड़ पर अनहोनी का अहसास होता है।

# 2026 में इन फिल्मों का होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश, कार्तिक की रणबीर से होगी टक्कर...

**नई दिल्ली।** नए साल 2026 फिल्म के दीवानों के लिए मजेदार रहने वाला है। इस साल कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। कुछ फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश भी देखने को मिलेगा। इन फिल्मों में रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से लेकर शाहिद कपूर की ओ रोमियो तक शामिल है।

***जना नायकन और द राजा साहब:*** सबसे पहला क्लैश जनवरी के महीने में ही देखने को मिलेगा। ये क्लैश तमिल भाषा की फिल्म जना नायकन और तेलुगु भाषा की द राजा साहब के बीच होगा। दोनों फिल्में 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। जना नायकन में थलपति विजय लीड रोल में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साहब में प्रभास और संजय दत्त नजर आएंगे।



***हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस और मायासभा:*** 9 जनवरी के बाद 16 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म होगी। इस फिल्म से इमरान खान फिल्मों में कमबैक करेंगे। हैप्पी पटेल का क्लैश 16 जनवरी को राही अनिल बर्वे की फिल्म मायासभा से होगा। मायासभा एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म होगी।

***तू या मैं और ओ रोमियो :*** शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म तू या मैं और शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो का क्लैश होगा। ओ रोमियो को विशाल भरद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं। तू या मैं 14 फरवरी को रिलीज होगी। वहीं, शाहिद कपूर की ओ रोमियो 13 फरवरी को रिलीज होगी।

***धुरंधर 2, टॉक्सिक और डकैत :*** 19 मार्च को बड़ा क्लैश देखने को मिलेगा। रणवीर सिंह की धुरंधर का पार्ट 2 इसी दिनी रिलीज होगी। साउथ के सुपरस्टार यश की टॉक्सिक और अनुराग कश्यप की फिल्म डकैत के बीच क्लैश देखने को मिलेगा।

***भूत बंगला और आवारापन 2:*** 2026 में अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की भी क्लैश देखने को मिलेगी। अक्षय कुमार की भूत बंगला 2 अप्रैल को रिलीज होगी। वहीं, इमरान हाशमी की आवारापन 2 3 अप्रैल को रिलीज होगी।

***नागजिला और लव एंड वॉरः*** लिस्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला और रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की फिल्म लव एंड वॉर है। दोनों फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं।

## आने वाला हर दिन है अनमोल, आपकी सभी कोशिशें हों सफल

# कमल हासन-चिरंजीवी और धनुष समेत इन साउथ स्टार्स ने दी नए साल की बधाई

*नई दिल्ली। नए साल का स्वागत हो चुका है। हर कोई अपने-अपने तरीके से साल 2026 की शुभकामनाएं दे रहा है। इसी कड़ी में साउथ सिनेमा के तमाम स्टार्स भी अपने-अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत जहां अपने घर के बाहर आए और फैंस का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं। वहीं, कई अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए फैंस को हैप्पी न्यू ईयर बोला है।*



### घर के बाहर खड़े फैंस से मिले रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत नए साल के मौके पर अपने घर के बाहर खड़े फैंस से आके मिले और उनका अभिवावद्न किया। इस दौरान थलाइवा ने पहले हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया, उसके बाद दोनों हाथ जोड़कर फैंस को धन्यवाद बोला। इस दौरान भारी संख्या में घर के बाहर फैंस इकट्ठा नजर आए।

### आपकी कोशिशें सफल हों

सुपरस्टार कमल हासन ने भी अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एक और साल आने वाला है। पिछले साल से बेहतर, दयालु और समझदार बनने का एक और मौका। उत्कृष्टता एक निरंतर प्रक्रिया है। आपको नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला हर दिन अनमोल है। आपकी सभी कोशिशें सफल हों और आपको खुशी दें।'

### सकारात्मकता और एकजुटता से करें नए साल का स्वागत

मेगास्टार चिरंजीवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दीं। एक्टर ने लिखा, 'आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए इस वर्ष का स्वागत सकारात्मकता, आशा और एकजुटता के साथ करें और इसे सभी के लिए एक सुंदर साल बनाएं। नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं।'

***अल्लू अर्जुन ने फैंस का जताया आभार :*** 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने फैंस के लिए शुभकामनाएं भेजते हुए लिखा, 'जैसे-जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मेरे मन में केवल कृतज्ञता है। इस सफर के लिए, इससे मिले सबक के लिए और मेरे चारों ओर मौजूद प्यार के लिए। मेरे प्रशंसकों हर पड़ाव पर मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका विश्वास मुझे हर दिन शक्ति और उद्देश्य देता है। उत्साह से आगे देख रहा हूं, आने वाले समय की शुरुआत के लिए तैयार हूं। नए साल 2026 की शुभकामनाएं।'

### इन स्टार्स ने भी दीं शुभकामनाएं

इसके अलावा साउथ के कई अन्य स्टार्स ने भी नए साल की शुभकामनाएं दीं। इनमें जूनियर एनटीआर, प्रभास, कार्थी, प्रकाश राज और रवि तेजा के नाम शामिल हैं।

### धनुष ने फैंस को बताया अपनी ताकत

*अभिनेता धनुष ने 2025 का आभार जताते हुए नए साल का स्वागत किया। अपने फैंस का आभार जताते हुए धनुष ने उन्हें अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। धनुष ने अंत में 'ओम नमः शिवाय' के साथ अपनी शुभकामनाएं पूरी कीं।*

### विजय ने फोटोज के साथ दीं शुभकामनाएं

*अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपने नए साल वेकेशन की कई तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें वो अपने दोस्तों के साथ नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में नए साल की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं मेरे प्यारे दोस्तों। हम साथ-साथ आगे बढ़ें, ढेर सारी यादें बनाएं, अच्छे काम करें, प्यार, खुशी और जीवन को आगे बढ़ाएं। आप सभी को ढेर सारा प्यार।'*